भाद्रपद कृष्ण पक्ष-10, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 86 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
09 सितंबर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

### जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू : अमेरिका-ब्रिटेन समेत बीस प्रमुख देशों के बीच मंथन

# नए समाधान मांग रही हैं, पुरानी चुनौतियां

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

आज आखिरकार वो दिन आ गया,अब भारत अब जी 20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। यह शिखर सम्मेलन दो दिन आज 9 और 10 सितंबर तक चलेगा। आज पहले दिन दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के दिग्गज नेता एक मंच पर चर्चा कर रहे हैं। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति समेत अन्य राष्ट्रों के अध्यक्ष शिरकत कर रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में 'विश्वास का संकट' बताकर 'सबका साथ, सबका विकास' वाला मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ये वो समय है, जब वर्षों पुरानी चुनौतियां हमसे नए समाधान मांग रही हैं। इसलिए हमें मानव शांति दृष्टिकोण के साथ अपने हर दायित्व को निभाते हुए आगे बढ़ना चाहिये।

मोदी ने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में एक बहुत बड़ा संकट विश्वास के अभाव का आया है. युद्ध ने इस विश्वास के संकट को और गहरा किया है। जब हम कोविड को हरा सकते हैं तो हम आपसी विश्वास पर आए इस संकट पर भी विजय प्राप्त कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि जी-20 के प्रेसिडेंट के तौर पर भारत पूरी दुनिया का आह्वान करता है कि हम मिलकर सबसे पहले वैश्विक तौर पर इस संकट को एक विश्वास और भरोसे में बदलें। यह हम सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। इसलिए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का मंत्र हम सभी के लिए एक पथ पथप्रदर्शक बन सकता है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले मोरक्को में भूकंप की घटना पर दुख जताया और मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा, आज हम जिस स्थान पर एकत्रित हैं, यहां कुछ किमी दूर ढाई हजार साल पुराना स्तंभ लगा है, इस पर प्राकृतिक भाषा में लिखा है कि मानवता का कल्याण सदैव सुनिश्चित किया जाए। ढाई हजार साल पहले भारत की धरती ने ये संदेश पूरी दुनिया को दिया था। 21वीं सदी का यह समय पूरी दुनिया को नई दिशा देगा। दुनिया हमसे नए समाधान मांग रही है।




**एजेंडे पर नजर** *पहले दिन दुनिया की 20 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के दिग्गज नेता एक साथ बैठे और वैश्विक मसलों पर मंथन किया। समिट के दौरान विभिन्न मंत्रिस्तरीय और कार्य समूहों की बैठकें होंगी। एजेंडे में जलवायु परिवर्तन, ऋण, खाद्य सुरक्षा, स्थिरता और जियोपॉलिटिकल तनाव पर चर्चा शामिल है। वहीं, भारत ने इस वर्ष के शिखर सम्मेलन की थीम 'वन अर्थ,वन फैमिली,वन फ्यूचर' रखी है। अब सभी की निगाहें नेताओं की संयुक्त घोषणा पर हैं। प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में पहले सत्र में वन अर्थ विषय पर चर्चा हो रही है।*

## बाइडेन को बताया कोर्णाक का महत्व, सुनक को गले लगाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 के लिए भारत मंडपम में मेहमानों का स्वागत किया। पीएम यहां स्वागत स्थल पर अलग-अलग राष्ट्राध्यक्षों से गर्मजोशी से मिले। जिन नेताओं के साथ पीएम की सबसे ज्यादा गर्मजोशी दिखी, उनमें अमेरिका के राष्टपति जो बाइडन, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन-सलमान खास रहे। इन सभी नेताओं के साथ पीएम मोदी की जुगलबंदी कैमरे में भी कैद हो गई।जहां मोदी खडे थे उसके पीछे कोणार्क का चक्र बना हुआ था। मोदी बाइडन को कोनार्क चक्र के बारे में बताते हुए भी दिखें। वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को मोदी ने पहले परंपरिक अंदाज में नमस्कार किया और फिर गले लगाया।



# मॉब लिंचिंग में 10 लाख मुआवजा लाड़ली बहना आवास योजना को मंजूरी



### बीना अब पीथमपुर की तर्ज पर...

*मप्र सरकार अब बीना को इंदौर जिले के पीथमपुर की तरह औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से कहा कि 14 सितंबर को पीएम मोदी बीना रिफायनरी में पेट्रो कैमिकल्स कांप्लेक्स की शुरूआत करेंगे। यहां बड़े पैमाने पर निवेश भी होगा।*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल में मप्र समेत छह राज्यों को नोटिस के बाद मुआवजे का प्रावधान कर दिया है। कोर्ट ने कहा था कि मुआवजा अभी तक क्यों तय नहीं है। आज कैबिनेट बैठक में मॉब लिंचिंग में मौत के बाद पीड़ति परिवार को अब 10 लाख रुपए तक मुआवजा देने का फैसला हुआ। मॉब लिंचिंग पीड़ित प्रतिकर योजना-2023 को कैबिनेट ने मंजूरी दी। घायलों के लिए 4 से 6 लाख रुपए का प्रावधान होगा। इसमें मॉब लिंचिंग की वो सभी घटनाएं शामिल होंगी जो धर्म, जाति, भाषा या अन्य किसी वजह से होती हैं। मप्र की स्कीम में मॉब लिंचिंग उसे मानी जाएगी, जिसमें पांच या उससे अधिक आरोपी शामिल हों। बैठक में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना' को भी मंजूरी दी गई है। यह योजना पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के जिम्मे होगी। जिन्हें पीएम आवास योजना में मकान नहीं मिल पाए, उन्हें इस योजना के तहत मकान दिए जाएंगे। बैठक में अतिथि शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने पर भी फैसला हुआ है। इसमें वर्ग एक को 9 से 18 हजार रु. वर्ग दो को 7 से 14 हजार रुपए और वर्ग तीन को 5 से बढ़ाकर 10 हजार रु. मानदेय दिया जाएगा।

**ये निर्णय भी:** फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी गांधी नगर भोपाल के लिए बरखेड़ा बोंदर (हुजूर) में 12 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई। एससीएसटी व ओबीसी और निशक्तजनों के बैकलॉग कैरी फॉरवार्ड पदों के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय सीमा 1 जुलाई से बढ़ाकर 23 जून 2024 हुई। केन-बेतवा के डूब प्रभावित 22 गांवों को 670 परिवार को विशेष पैकेज। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के रसोइये का मानदेय 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रतिमाह हुआ। 6 नए सरकारी कॉलेज उमरिया के बिलासपुर और भरेवा, नरसिंहपुर के सालिचौका, नर्मदापुरम के शिवपुर, सीहोर के चकल्दी, हरदा के रेहटगांव में खुलेंगे। इनके लिए 240 नए पद सृजित किए जाएंगे।

## छोटी खबरें

### इंदौर में वन-डे के लिए टिकट बिक्री शुरू



**इंदौर , दोपहर मेट्रो।**

होलकर स्टेडियम में होने वाले भारत-आस्ट्रेलिया वनडे मैच के टिकटों की आनलाइन बिक्री आज सुबह छह बजे से प्रारंभ हो गई। यह अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 24 सितंबर को खेला जाएगा। मैच का सबसे सस्ता टिकट 524 रुपये का होगा, वहीं सबसे महंगा टिकट 6273 रुपये का होगा। मप्र क्रिकेट संगठन के अनुसार, आनलाइन टिकट www.insider.in के अलावा मोबाइल पर पेटीएम एप या पेटीएम इनसाइडर एप पर बुक किए जा सकते हैं। एक व्यक्ति अधिकतम चार टिकट ले सकता है। इंदौर में इस साल 24 जनवरी को भारत और न्यूजीलैंड के वनडे मुकाबले के रूप में पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला गया था। पिछली बार से टिकटों की कीमत थोड़ी ज्यादा हैं।

### अब रिलायंस एआई में आजमाएगी हाथ, डील

**मुंबई , एजेंसी।**

देश की सबसे बड़ी कारोबारी कंपनी में शुमार रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने हाल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल को लेकर बड़ा दावा किया था, अब इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाते हुए रिलायंस ने ढ्ढ की दुनिया में अपना दबदबा बनाने एक बिग डील कर ली है। इसके तहत जियो प्लेटफॉर्म्स ने क्लाउड आधारित AI कंप्यूट का बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए वैश्विक चिप डिजाइन फर्म एनवीडिया के साथ करार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी चिप निर्माता NVIDIA के साथ हुई ये डील भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सेमीकंडक्टर चिप महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए की गई है। विस्तृत पेज 7 पर...




### मलबे में तब्दील कई शहरी इलाके

# मोरक्को में जबर्दस्त भूकंप से तबाही, 300 से ज्यादा मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

नॉर्थ अफ्रीकी देश मोरक्को में आज भारतीय समयानुसार तड़के चार बजे भीषण भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.8 मापी गई। अब तक 296 लोगों के मारे जाने की सूचना है तथा भारी तबाही हुई है। सैकड़ों इमारतें जमींदोज हो गई हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। राहत तथा बचाव कार्य जारी है।



स्थानीय मीडिया ने बताया कि मोरक्को में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद कई लोगों की जान चली गई। राजधानी रबात से 320 किलोमीटर दक्षिण में पर्यटन शहर माराकेच में 27 लोगों की मौत हो गई। वहीं दक्षिण में उआरज़ाज़ेट प्रांत में चार अन्य लोगों की मौत हो गई। यह भूकंप मारकेश से 44 मील दक्षिण-पश्चिम में 18.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक यह 120 सालों में उत्तरी अफ्रीका में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। 1900 के बाद से इस इलाके के 500 किमी क्षेत्र में कोई भी एम6 लेवल या इससे बड़ा भूकंप नहीं आया है. यहां एम-5 लेवल के 9 भूकंप ही दर्ज किए गए हैं।



### जम्मू-कश्मीर में बीएसएफ का जवान लापता

**जम्मू, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास से बीएसएफ का एक जवान लापता हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार, 9 सितंबर को बताया कि बिहार के रहने वाले कांस्टेबल की बालाकोट सेक्टर में भरणी पोस्ट पर ड्यूटी थी। वहीं से जवान शुक्रवार को लापता हो गया। बीएसएफ के जवानों ने लापता कॉन्स्टेबल की तलाश में सर्च ऑपरेशन भी चलाया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।

# भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व सीएम नायडू गिरफ्तार

**हैदराबाद , एजेंसी।**

आंध्रप्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को राज्य के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने आज तड़के गिरफ्तार कर लिया। भ्रष्टाचार के मामले में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी हुई है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए एयरलिफ्ट कर नंद्याल अस्पताल में ले जाया जा रहा था लेकिन उन्होंने वहां जाने से इनकार कर दिया जिसके बाद कैंप उनकी मेडिकल जांच की गई। उन्हें बाद में उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।



बताया जाता है कि नायडू ने अपनी यात्रा के दौरान नंद्याल जिले के बनगनपल्ली में जनसभा को संबोधित किया था। सार्वजनिक संबोधन के बाद नायडू अपनी वैनिटी वैन में आराम कर रहे थे तभी शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे एपी सीआईडी नायडू को गिरफ्तार करने के लिए उनकी वैनिटी वैन में पहुंची, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने वाहन को घेर लिया और आंध्र प्रदेश सीआईडी को गिरफ्तार करने का जमकर विरोध किया।

गिरफ्तारी को लेकर चंद्रबाबू नायडू ने बयान जारी करते हुए कहा, मैं लोगों और कार्यकर्ताओं दोनों से अनुरोध कर रहा हूं कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। लेकिन कल रात अधिकारी यहां आए और उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों को बहुत असहज और भयभीत कर दिया। किसी मामले का हवाला देकर और बिना कोई सबूत दिखाए, आज वे मुझे गिरफ्तार करने के लिए आए मैंने उनसे पूछा कि वे मुझे किस आधार पर गिरफ्तार कर रहे हैं, कोई आधार दिखाओ. अब वे यहां एफआईआर लेकर आए हैं। जिसमें मेरी भूमिका या अन्य विवरण का कोई उल्लेख नहीं है।

**मेट्रो एंकर** — भस्म आरती के दौरान झूमते रहे अक्षय

# महाकाल पहुंचे अक्षय, धवन और साइना





**उज्जैन , दोपहर मेट्रो।**

आज फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार अपने जन्मदिन पर महाकाल मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। उनके साथ बेटा आरव, भांजी सिमर और बहन अलका भी थे। भस्म आरती दर्शन के लिए क्रिकेटर शिखर धवन और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल भी महाकाल मंदिर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि हाल में रिलीज हुई फिल्म ओमायगाड-2 की शूटिंग उज्जैन के महाकाल मंदिर में भी हुई थी। तब अक्षय कुमार उज्जैन आए थे और बाबा महाकाल की पूजा की थी। उन्होंने फिर से उज्जैन आने का वादा किया था। वे देर रात दो बजे मंदिर पहुंचे। यहां पारंपरिक वेशभूषा धोती-कुरते में अक्षय ने नंदी हाल से भस्म आरती दर्शन किए। आरती के दौरान अक्षय भक्ति के रस में झूमते नजर आए। उन्होंने आने वाली फिल्म मिशन रानीगंज की सफलता के लिए प्रार्थना भी की। शिखर धवन भी उनके साथ बैठे थे। बाद में मीडिया से संक्षिप्त चर्चा में अक्षय कुमार ने कहा कि उन्होंने देश की तरक्की की कामना की है। क्रिकेटर शिखर धवन से विश्व कप के विषय में पूछा गया तो अक्षय ने मजाक में कहा यह बहुत छोटी चीज है। हम यूं ही जीत जाएंगे। साइना ने अपने माता पिता के साथ दर्शन किये।

# मानसून की सक्रियता से बरगी-तवा के गेट खुले



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश में मानसून फिर सक्रिय होने से नर्मदा घाटी के ऊपरी क्षेत्र में तेज वर्षा हो रही है। इसके चलते बरगी व तवा बांध लबालब होने से गेट खोले गए हैं। इसका लाभ इंदिरासागर बांध को हो रहा है। बांध के जलाशय का स्तर 260.30 मीटर हो गया है। फिलहाल इंदिरा सागर बांध के गेट खुलने की कोई संभावना नहीं है। मौसम के जानकारों का मानना है कि अभी मप्र में आगामी सात दिनों तक इसी तरह कभी रिमझिम बरसात तो कभी तेज बारिश का दौर चलेगा।

# भेल प्रबंधन का निर्णय: बिन हेलमेट के आए तो नहीं मिलेगा प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिना हेलमेट वाहन चलाने, कारखानों में काम करने और दुर्घटना होने पर जानमाल को नुकसान पहुंचने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए भेल प्रबंधन भोपाल ने एक अच्छा निर्णय लिया है। प्रबंधन की ओर से कहा गया है कि जो भी भेल कर्मी बिना हेलमेट के आते हैं, उन्हें किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे कर्मचारियों को मुख्य प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया जाएगा।

इस संबंध में बकायदा भेल के मानव प्रबंधन विभाग ने एक सूचना जारी कर सभी भेल कर्मियों से उक्त् निर्णय का पालन करने को कहा है।

**सड़क दुर्घटनाओं में घायलों और मृतकों की स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय**




### भेल प्रबंधन का दावा

*एक अधिकारी ने बताया कि बीते कुछ दिनों से देखने में आ रहा था कि भेल प्रबंधन के कुछ कर्मचारी तो नियमों का पालन कर रहे थे लेकिन कुछ कर्मचारी नियमों की अनदेखी कर रहे थे। जिसमें उनका तो नुकसान था ही, प्रबंधन को भी नुकसान हो सकता था। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए तीनों पारियों में काम करने वाले कर्मचारी व ठेका श्रमिक के लिए नियमों का अनिवार्य पालन करने को कहा गया है।*

### प्रबंधन ने यह भी कहा

प्रबंधन ने कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों के लिए एक परिपत्र जारी किया। जिसमें कहा है कि कारखाने में यूनिफार्म, सुरक्षा वाले जूते पहनकर ही प्रवेश करें। अब बिना वर्दी, सुरक्षा वाले जूते अनिवार्य है। मानव संसाधन के अपर महाप्रबंधक आरिफ अहमद सिद्दकी ने परिपत्र जारी करते हुए कहा कि कर्मचारी व ठेका श्रमिका दोपहिया वाहनों से आए तो हेलमेट जरूर लगाकर आएं। यूनिफार्म जरूर पहनें। विभागाध्यक्ष सुनिश्चत करें कि यदि दिशा-निर्देशों का कोई कर्मचारी व ठेका श्रमिक पालन नहीं करता है तो उन्हें ब्लाकों में प्रवेश न दें। काम करते समय भेल प्रबंधन की ओर से दिए जाने वाले हेलमेट, सुरक्षा जूते, ग्लोब्स जरूर पहनें। यूनिफार्म पहनकर ही काम करें।

---

### बोट क्लब व वीआईपी रोड से होगा बेहतर दीदार, प्रशासन जुटा तैयारी में

# बड़ी झील पर 50 फाइटर प्लेन के आसमानी करतब 30 को



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की बड़ी झील पर लंबे अर्से बाद फिर से जांबाज पायलट एयर शो करने वाले हैं। इसमें 50 फाइटर प्लेन आसमान पर रोमांचक करतब दिखाएंगे। आसमान पर 30 सितंबर को होने वाले एयर शो को लेकर तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। आमजन यह एयर शो बिल्कुल मुफ्त देख सकेंगे,उनके लिए बोट क्लब और वीआइपी रोड को चिह्नित किया गया है। यहीं से इस एयर शो का बेहतर दीदार हो सकेगा। इस दौरान 30 सितंबर को इन दोनों मार्गों से यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। वीआईपी दर्शक बोट क्लब पर विंड एंड वेव्स रेस्त्रां में बैठकर इस एयर शो को देख सकेंगे।

एयर शो की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने कलेक्टर आशीष सिंह के साथ बैठक ली। कार्यक्रम के दौरान आमजन और वीवीआइपी के लिए बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य वीवीआइपी मौजूद रहेंगे। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि एयर शो का आयोजन 30 सितंबर को दोपहर में किया जा रहा है। इसमें एक साथ 50 फाइटर प्लेन बड़े तालाब के ऊपर करतब दिखाएंगे। यह आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरकर भोपाल आएंगे।

### अभ्यास भी करेंगे, लाइव कमेंट्री की व्यवस्था

सभी फाइटर प्लेन 22 से 25 सितंबर तक भोपाल में अभ्यास भी करेंगे। आमजन जब एयर शो देख रहे होंगे तो बोट क्लब और वीआइपी रोड पूरी तरह से यातायात बंद रहेगा। यहां पर विशेष साज सज्जा के साथ ही स्पीकर लगाए जाएंगे। जिससे लाइव कमेंट्री लोगों को सुनाई देगी, जिससे उन्हें यह पता चल सकेगा कि कौन सा फाइटर प्लेन कहां से आया और वह क्या करतब दिखाने जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में वीवीआइपी के बैठने के लिए विंड एंड वेव्स में व्यवस्था की गई है। इनमें सिर्फ पास से ही प्रवेश दिया जाएगा, बाकी अन्य किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

---

### साधना म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुतियां



**भोपाल।** पॉलिटेक्निक कॉलेज में साधना म्यूजिकल ग्रुप की महिलाओं द्वारा आशा भोंसले के जन्मदिन पर केक काटा और उनके गानों की प्रस्तुतियां दीं। फोटो निर्मल व्यास

---

### मैनिट में संगोष्ठी

# स्वस्थ जीवन की महत्ता व विज्ञान पर जोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भारत की जी-20 अध्यक्षता के उत्सव के क्रम में आकाशवाणी भोपाल द्वारा मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के सहयोग से युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न अतिथि विशेषज्ञों ने युवाओं से अलग-अलग विषयों पर संवाद किया। इसके तहत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पैथोलाजी की पूर्व विभागाध्यक्ष डा. नील कमल कपूर ने 'आज का युवा और स्वास्थ्य' विषय पर युवाओं से चर्चा में 30 से 40 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में युवाओं की प्रतिभागिता के महत्व को रेखांकित किया। युवाओं को स्वास्थ्य की महत्ता बताते हुए उन्होंने फिजिकल के साथ मानसिक और इमोशनल स्वास्थ्य के महत्व को भी समझाया। उन्होंने खानपान के साथ एक्सरसाइज, नींद के महत्व पर भी अपनी बात रखी।

संगोष्ठी में डा. मनीष बिल्लोरे ने 'भारत की वैज्ञानिक प्रगति' विषय पर युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने आर्यभट्ट, वराहमिहिर, कणाद, सुश्रुत, श्रीनिवास रामानुजन जैसी विभूतियों का जिक्र करते हुए अब तक की भारत की विज्ञान के क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इस संगोष्ठी में मैनिट के कुछ युवा वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रा स्नेहा व्यास ने 'जी-20 समिट में भारत की अध्यक्षता का क्या महत्व समझता है युवा' विषय पर अपने विचार रखे। छात्र वैभव राजोरिया ने 'भारत का युवा सम्पूर्ण युवा जगत को राह दिखाने में सक्षम हो रहा है' विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने दुनियाभर की महत्वपूर्ण संस्थाओं और संगठनों में काबिज भारतीयों का जिक्र करते हुए लगातार सशक्त हो रहे भारतीय युवाओं की क्षमताओं पर बात की।

---

### टैंपल ऑफ संबोधि में कान्हा अवतरण दिवस का उत्सव

# किसी पर दया मत करना, करुणा का भाव रखना : लाल साईं



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के ध्यान केन्द्र टैंपल ऑफ संबोधि में कृष्ण जन्मोत्सव उत्सवी माहौल में मनाया गया। केन्द्र के प्रमुख श्री लालसाईं ने मानव के प्रति मानवता का भाव रखने और जरूरतमंदों के प्रति करूणा के भाव का पाठ पढ़ाया।

वेदांत विचारक लाल साईं ने कहा, कृष्ण दर्शन में दया नहीं करूणा का भाव है। हम किसी भी दया करते हैं, तो उसे छोटा बनाता देते हैं, लेकिन जब करूणा से कुछ करते हैं तो उसकी मदद के साथ उसका मान बढ़ाते हैं। वह सौभाग्यशाली है, जिसके जीवन में करूणा आ जाए। दया करके किसी को छोटा करके बड़ा मत बनना। आप सामर्थवान है, इसलिए किसी के लिए कुछ कर सकते हैं। अपनी सामर्थ का प्रदर्शन मत करना।

उन्होंने कहा, कोई किसी का भाग्य नहीं लिख सकता। मनुष्य को अपना भाग्य खुद लिखना पड़ता है। किसी से डरो में कोई कुछ नहीं कर सकता, जीवन में जो कर रहे हैं, वह भोगना पड़ेगा। जो यह सोचता है कि किसी को डरा सकता है, वह खुद के लिए गड्ढा खोद रहा है। हम जो करेंगे, वहीं सामने आएगा।

संबोधि में भजनों ने अवसर को उत्सवी बनाया। गोविंदा-गोविंदा भजन पर लालसाई के साथ सैंकड़ों अनुयायी जमकर नाचे और श्रीकृष्ण जन्म की खुशियां मनाईं।

### नाटक का मंचन, मटकी फोड़ी

संत आशाराम बापू के भोपाल आश्रम में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। साधकों ने बढ़-बादशाह की परिक्रमा की एवं जप-ध्यान किया।दीक्षित साधक व्रत रखकर श्री आसा रामायणजी का पाठ, मंत्रजप, ध्यान, किया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गए, जिसमें आश्रम गुरुकुल के बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन लीला संबंधित नाटक एवं नृत्य का मंचन किया गया और मटकी फोड़ी गई। भजन-कीर्तन, आरती के बाद प्रसाद बांटा गया।

---

### तीन कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए गए

# विजय नगर सिंधी समाज उत्थान समिति के चुनाव के लिए बैठक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लालघाटी स्थित श्री हरिसेवा गंगाराम दरबार में विजय नगर सिंधी समाज उत्थान पंचायत की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत के संरक्षक इंदर दास मेघानी एवं आनंद सबधाणी ने अध्यक्षता की।

में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले तीन माह के अंदर पंचायत के विभिन्न पदों में लिए चुनाव कराए जाएंगे, साथ जब तक पंचायत की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती है, तब तक कमल बच्छानी, रमेश भम्भानी एवं इंदरदास मेघानी को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया। पंचायत ने यह भी निर्णय लिया है इस दौरान दरबार के संचालन की ि?म्मेदारी पहले की तरह पुराने पदाधिकारी के पास ही होगी, चुनाव प्रकिया के बाद नव नियुक्त



पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तीनों कार्यवाहक अध्यक्ष पंचायत की केवल कार्रवाही देखेंगे, किसी प्रकार का प्रशासनिक या आधिकारिक निर्णय लेने एवं किसी प्रकार के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने का अधिकारी नहीं होगा।

इस अवसर पर पंचायत के संरक्षक इंदरदास मेघानी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से आनंद सबधाणी विजय नगर उत्थान पंचायत के अध्यक्ष रहे है उनके द्वारा अनेक कार्य पंचायत के हित में किए हैं। इसलिए पंचायत के चुनाव होने तक वही अध्यक्ष बने रहेंगे। बैठक में गोविंद शोभानी, मनोहर आसुदानी, राधेश्याम नाथानी, नंदलाल मोतियानी, देवीदास वासवानी, सी.आर. भाटिया, तपेश टहिल्यानी, गोपाल हरसिंघानी, किशन आसुदानी सहित पंचायत के सदस्य उपस्थित थे।

---

### पौधरोपण कार्यक्रम



**भोपाल।** वर्ल्ड फिजियोथेरेपी डे के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आरोग्य भारती भोपाल में संपन्न हुआ जिसमें महानगर सह-सचिव डॉ. कृष्णाअंशु गौतम शामिल हुए ।

---

**मेट्रो एंकर** | तीन दिवसीय कार्यशाला संतनगर में, प्रदेशभर से आए टीचर्स

# 'समाज में बदलाव के लिए जीवन मूल्यों का महत्व'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में दिवसीय 'फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम' यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 सितंबर तक चलेगी। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के 50 व्यावसायिक एवं तकनीकी संस्थानों के 100 से अधिक शिक्षक भाग लेंगे। इस कार्यशाला के द्वारा शिक्षकों को परिवार एवं समाज में सौहार्दता लाने के लिए जीवन मूल्यों का महत्व समझाया जाएगा।कार्यशाला के पहले दिन समसामयिक विषय जैसे शिक्षा का सम्पूर्ण विकास में योगदान, खुशी एवं समृद्धि, मानव सद्भाव एवं स्वयं सद्भाव पर प्रकाश डाला जाएगा। द्वितीय दिवस में स्वास्थ्य, समृद्धि, पारिवारिक सद्भाव पर चर्चा होगी। अंतिम दिवस विश्वास एवं आदर की भावना, सामाजिक एवं प्राकृतिक सद्भाव एवं अस्तित्व समभाव पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन मोहित श्रीवास्तव एवं डॉ. राघवेंद्र दुबे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने कहा कि मानव जीवन में संस्कारों का महत्व बताने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कार्यशाला की प्रस्तावना पेश की।



**शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी:** संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार बेहद जरूरी होते हैं। मूल्य आधारित शिक्षा ही एक उचित समाज का निर्माण करती है। उन्होंने संत श्री हिरदारामजी साहिब के विन को साकार करने के प्रयासों को बताया और कहा कि सेवा भाव के साथ हम एक बेहतर समाज की कल्पना कर सकते हैं, जिसमें व्यवहार एवं संस्कार अत्यधिक मायने रखते हैं।

### 10 विश्वविद्यालय जुड़े

डॉ. राघवेंद्र दुबे ने कहा कि 1980 में जीवन मूल्यों पर प्रथम सार्थक कदम उठाया गया था, जिसके फलस्वरूप वर्तमान में 10 से अधिक राज्य एवं 40 से अधिक विश्वविद्यालयों के एक लाख से अधिक टीचर्स ने इस प्रोग्राम को अंगीकार किया है। श्रीवास्तव ने अपने प्रथम सत्र में संस्कार, दृष्टि, मूल्य एवं आचरण के बीच में संबंध को समझाया एवं कहा कि समझ, संबंध एवं सुविधा में तालमेल होना अत्यधिक जरूरी है। जब हम किसी चीज को अच्छे समझते हैं एवं अपने संबंधों को प्राथमिकता देते हैं तो हमें असीम खुशियां देता है।

# यूजीसी और डीईबी की सूची से भोज मुक्त विश्वविद्यालय हुआ बाहर

## अब नैक के एक्रेडेशन के बाद ही विवि में एडमिशन की उम्मीद

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और डिस्टेंश एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) ने भोज मुक्त विश्वविद्यालय को अपनी सूची से बाहर कर दिया है। फिलहाल भोज विवि अपने यूजी और पीजी कोर्स के वर्तमान सत्र में प्रथम वर्ष में प्रवेश नहीं करा पाएगा और यह वर्ष जीरो ईयर घोषित हो सकता है। यदि नैक का एकेडेशन हो जाता है, उसके बाद विवि में एडमिशन की उम्मीद की जा सकती है। फिलहाल नैक की कोई डेट विवि को नहीं मिली है। विवि के अधिकारियों को अगले सप्ताह तक नैक का निरीक्षण होने की उम्मीद है। हालांकि विवि के पास एडमिशन देने के लिए तीन माह का समय है।**




ज्ञात हो कि पूर्व कुलपति जयंत सोनवलकर तत्कालीन परिवेशन में मान्यता बचाने के लिए नियुक्तियों और नैक की तैयारियों पूर्ण कर चुके थे। वे नैक करा पाते उसके पहले उनका कार्यकाल पूर्ण हो चुका था। अब कुलपति संजय तिवारी द्वारा समय रहते विवि में रिक्त पदों के विरुद्ध प्रोफेसरों की भर्ती कराना और नैक का अग्रेडेशन अनिवार्य रूप से कराना होगा। वर्तमान में प्रथम वर्ष के प्रवेश रोक लगने पर विद्यार्थी यूजी के प्रथम से द्वितीय और द्वितीय से तृतीय वर्ष में प्रवेश जरूर ले पाएंगे। वहीं पीजी में प्रथम से द्वितीय वर्ष में विद्यार्थी दाखिल हो जाएंगे।

### पांच वर्षों से एफीडेविड दिया जा रहा था

पिछले पांच वर्षों से विवि प्रबंधन द्वारा नैक का एकेडेशन कराने का यूजीसी को एफीडेविड दिया जा रहा था। लेकिन, अभी तक नैक का निरीक्षण तक नहीं हो पाया है। इसके चलते यूजीसी और डीईबी ने प्रदेश की एकमात्र ओपन मोड पर चलने वाले भोज मुक्त विवि को अपनी सूची में स्थान नहीं दिया है। इसके चलते फिलहाल यूजी और पीजी कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश नहीं पाएंगे।

## ई-प्रवेश: छठवें राउंड के बाद भी 4.59 लाख सीटें खाली, अब चलेगा सातवां सीएलसी राउंड

प्रदेश के सरकारी और निजी कॉलेजों में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा फिलहाल 6वां सीएलसी राउंड चलाया जा रहा है। सभी राउंड में अब तक यूजी-पीजी में करीब 5.08 लाख एडमिशन ही हुए हैं। जबकि करीब 4.59 लाख सीटें खाली हैं। इन सीटों को भरने के लिए विभाग द्वारा अब 12 से 30 सितंबर तक 7वां सीएलसी राउंड चलाया जाएगा। विभाग द्वारा जारी शैड्यूल के अनुसार 7वें राउंड में यूजी-पीजी में एडमिशन के लिए छात्र 12 से 18 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन के साथ ही कॉलेजों की चॉइस लॉक करेंगे। इसी दौरान रजिस्ट्रेशन के दूसरे दिन से दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जाएगा। 20 सितंबर को कॉलेजों में मेरिट लिस्ट के अनुसार आवंटन होगा। स्टूडेंट 20 से 26 सितंबर तक आवंटित कॉलेजों में ऑनलाइन फीस जमा कर एडमिशन ले सकेंगे। इसी अवधि में अपग्रेशन का आप्शन भी ले सकते हैं। 27 सितंबर को अपग्रेडेशन का आवंटन और 30 सितंबर तक इसके प्रवेश होंगे।

### आईटीआई के लिए 23 तक पंजीयन

आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन 23 सितंबर तक होंगे। विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग कराते हुये आईटीआई में उपस्थित हो कर प्रवेश कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। पंजीयन में त्रुटि सुधार एवं च्वाईस फिलिंग 22 सितंबर तक होगी।

# जनआक्रोश यात्रा में समन्वय के लिए प्रवक्ताओं की तैनाती



भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र कांग्रेस के मीडिया विभाग ने पार्टी की प्रस्तावित 'जन आक्रोश यात्रा' को लेकर मप्र कांग्रेस, मीडिया विभाग के पदाधिकारियों और प्रवक्ताओं को मीडिया से समन्वय स्थापित कर यात्रा के प्रचार-प्रसार के दायित्व का निर्वहन करने हेतु प्रभारी बनाया बनाया है। ये प्रभारी अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में यात्रा के दौरान पूरे समय वहां उपस्थित रहकर यात्रा के व्यवस्थित संचालन और प्रचार-प्रसार का जिम्मा संभालेंगे।

केके मिश्रा के मुताबिक भोपाल संभाग में मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष अब्बास हफीज और स्वदेश शर्मा, मालवा निमाड़ क्षेत्र-मीडिया उपाध्यक्ष संतोष सिंह गौतम, अमीनुल खान सूरी और अमित चौरसिया, ग्वालियर संभाग-मीडिया उपाध्यक्ष आर.पी. सिंह और धर्मेन्द्र शर्मा, चंबल संभाग- अजीत सिंह भदौरिया और कुंदन पंजाबी, बुंदेलखंड-मीडिया उपाध्यक्ष अवनीश बुंदेला, संदीप सबलोक और अभिषेक गौर, होशंगाबाद (नर्मदापुरम) संभाग-मीडिया उपाध्यक्ष संगीता शर्मा और राजकुमार केलू उपाध्याय, महाकौशल क्षेत्र- महेन्द्र अमूले और रोहित यादव, विंध्यक्षेत्र- शहरयार खान और रवि वर्मा, उज्जैन संभाग- विवेक गुप्ता और नीलाभ शुक्ला को कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित जन आक्रोश यात्रा का प्रभारी बनाया गया है। मिश्रा ने बताया कि आनंद जाट, संतोष सिंह परिहार और मिथुन सिंह अहिरवार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रहकर इन पूरी यात्राओं के समन्वय और प्रचार-प्रसार का दायित्व निभायेंगे।

**कांग्रेस ने बनाई मसीहो समाज समिति:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर मसीह समाज समन्वय समिति का गठन किया गया है। उपाध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी जे.पी धनोपिया ने फादर अनिल मार्टिन को समन्वय समिति का प्रदेश संरक्षक और ग्वालियर के राजू फ्रांसिस को समिति का अध्यक्ष बनाया है। वहीं क्रिस्टी अब्राहम और जेरी पॉल को समिति का उपाध्यक्ष, रिचर्ड डिसल्वा और प्रतिभा विक्टर को महामंत्री एवं अमन मार्टन को सचिव बनाया गया है। उक्त सभी पदाधिकारियों को कमलनाथ ने नियुक्ति पत्र सौंपे।

### डिलेवरी के बाद नवजात का शव सौंपा, दूसरे दिन फोन कर कहा- बच्ची भूखी है

# हमीदिया अस्पताल में लापरवाही के मामले में आयोग ने दिए जांच के निर्देश

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र मानव अधिकार आयोग ने हमीदिया अस्पताल के गायनिक विभाग में एक गंभीर लापरवाही का के मामले में संज्ञान लिया है। यहां इलाज के दौरान क नवजात की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर चले गये। उसका अन्तिम संस्कार करने के अगले ही दिन हमीदिया अस्पताल से मृत नवजात के पिता को फोन पहुंचा कि आपकी बच्ची भूखी है। दूध पिलाने के लिये कोई क्यों नहीं आ रहा है। इससे परिजन पशोपेश में आ गये और हमीदिया अस्पताल पहुंचे। अस्पताल वालों ने कहा कि आपकी फाईल क्लोज हो चुकी है। रोते-धोते परिजन हमीदिया अस्पताल से थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। मृत बच्ची की दादी ने सीएम से मामले की जांच कराने की मांग की है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय, मप्र, भोपाल से प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में एक माह में जवाब मांगा है।



### खुला नाला बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा

भोपाल के वार्ड-7 के लालघाटी स्थित बरेला गांव में खुला नाला होने की वजह से यह बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा होने के मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं नगर निगम कमिश्नर को जांच कराकर जोखिमपूर्ण स्थिति के समाधान एवं जन सुरक्षा के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में एक माह में जवाब मांगा है।

### इन मामलों में भी मांगा जवाब

बैरागढ़ इलाके में चार लोगों द्वारा एक युवती के साथ ज्यादती का मामले में आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच कराने के निर्देश दिए है। बैरसिया इलाके के ललरिया गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत होने के मामले में एसपी भोपाल (देहात) से आयोग ने प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

### राज्यपाल ने सिकल सेल कार्यक्रमों की समीक्षा की

# 'वाहक और बीमार व्यक्ति को काउंसलिंग कार्ड तत्काल मिले'

भोपाल, दोपहर मेट्रो




राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल जाँच के बाद वाहक अथवा बीमार व्यक्ति को काउंसलिंग कार्ड निश्चित समय में मिलने की व्यवस्था बनाई जाये। उन्होंने कहा कि सिकल सेल जाँच कार्य की गति के लिए संवेदनशील क्षेत्रों और समुदायों को चिह्नित कर जांच का कार्य कराएं।

राज्यपाल ने कहा है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की चुनौतियों का पूरी ताकत और संवेदनशीलता के साथ किये जाये। निर्वाचन कार्यों से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गति रुके नहीं, इसकी अग्रिम कार्य-योजना बनाई जाये। पटेल सिकल सेल एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक को राजभवन में संबोधित कर रहे थे। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मोहम्मद सुलेमान और राज्यपाल के प्रमुख सचिव डीपी आहूजा उपस्थित थे। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति बहुल क्षेत्रों के बड़े अस्पतालों में सिकल सेल के इलाज के लिए एक अलग विशेष वार्ड बनाया जाना चाहिए।

### जनआर्शीवाद यात्रा को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# विकसित राज्यों की सूची में मप्र को हम लेकर आए- शिवराज

भोपाल, दोपहर मेट्रो



मुख्ययमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पहले मप्र को बीमारू राज्यों की श्रेणी में शामिल किया जाता था। कांग्रेस ने गरीबों से किए गए वादे को नहीं निभाया, जिसकी वजह से प्रदेश में गरीबी का स्तर बढ़ता गया। अब भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य से निकलकर विकसित राज्यों की श्रेणी में ला खड़ा किया है।

ग्वालियर चंबल संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा के कोलारस, जौरा एवं मुरैना में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि अभी हमने तय किया है हमारे बच्चे जो काम सीखना चाहते हैं अलग-अलग कंपनियों में काम सीखना चाहते हैं, उन्हें काम कंपनी में सिखाएंगे और 8 हजार रुपए महीना स्टाइपेंड दिया जाएगा। कर्ज माफी के नाम पर कमलनाथ ने धोखा दिया, किसान डिफाल्टर हो गए और डिफाल्टर किसानों के 2200 करोड़ रुपए ब्याज के भाजपा सरकार ने भरे हैं। इन सभाओं को चुनाव प्रबंधन समिति के मुखिया व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंहतोमर व प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी संबोधित किया।

## मानव अधिकार आयोग का स्थापना दिवस कार्यक्रम 13 को

### मुख्यमंत्री होंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

**भोपाल.** अपने 29वें स्थापना दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 सितम्बर को सुबह 10:30 बजे से आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल के लघु सभागार में होगा। आयोग के 29वे स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान होंगे। कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय 'शिक्षा का अधिकार-मानव अधिकार' रखा गया है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य, अधिकारियों व विधि विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम बारे में विस्तार से अवगत कराना एवं उन्हें इस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में सक्रिय होने हेतु संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार उपस्थित रहेगें।

## फिजियोथेरेपी के बैचलर व मास्टर डिग्री कोर्स शुरू होंगे

**भोपाल।** बीएमएचआरसी में जल्द ही बैचलर ऑफ पिजियोथेरेपी और मास्टर ऑफि फिजियोथेरेपी कोर्स शुरू किए जाएंगे। यह बात डायरेक्टर डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने वर्ल्ड फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि 2024 में बीएमएचआरसी के फिजियोथेरेपी विभाग में एक्सरसाइज थैरेपी यूनिट शुरू होगी।




**मेट्रो एंकर** | चुनाव को देखते हुए मतदाता सूची अपडेट करने का काम तेज

# 11 सितंबर तक जुड़वा सकेंगे मतदाता सूची में नाम, साथ ही हटवा भी सकेंगे

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मतदाता सूची में 11 सितंबर तक ही नाम जुड़वा सकेंगे। कटवाना हो तो भी आवेदन देना होगा। यदि नाम पहले से जुड़ा है और उसमें कोई गड़बड़ी है तो उसे भी ठीक करवा सकेंगे। इन सब के लिए आवेदन करना होगा और इसके लिए अब कम समय बचा है। असल में वर्ष 2023 में होने वाले विधानासभा चुनाव के चलते जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें तेजी लाई गई है।



**लोग ले रहे रूचि:** जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक भोपाल जिले से करीब 13 हजार आवेदन नाम जुड़वाने, हटाने व संशोधन के लिए मिले हैं। इन आवेदनों पर सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में काम कर रहे हैं। सेक्टर अधिकारी इस काम की निगरानी कर रहे हैं।

### भोपाल में विधान सभावार प्राप्त हुए आवेदन

| विधानसभा क्षेत्र | आवेदन |
|---|---|
| गोविंदपुरा | 24150 |
| हुजूर | 20900 |
| नरेला | 19200 |
| मध्य | 14330 |
| बैरसिया | 12400 |
| उत्तर | 11020 |
| दक्षिण- पश्चिम | 10817 |

## सुविचार

''जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा !''

– अज्ञात

lEikndh;

# बदलाव की बयार, फैसले का इंतजार

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को निरस्त करने की चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने 16 दिन तक चली बहस के बाद सुनवाई पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट को जिन मुद्दों पर फैसला देना है उनमें से एक यह है कि क्या केन्द्र सरकार को अनुच्छेद 370 हटाने का अधिकार है या नहीं। दूसरा केन्द्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को दो राज्यों में बांटना और उन्हें केन्द्र शासित प्रदेश बनाना क्या सही है या गलत और किसी राज्य को लम्बे समय तक राज्यपाल शासन के अधीन रखना सही है या गलत। सुनवाई के दौरान यह महत्वपूर्ण रहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय को अंतिम माना। इससे स्पष्ट है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और उसका विलय भारत में बिना शर्त हुआ है। अब सभी की नजरें सुप्रीम कोर्ट पर लगी हुई हैं और उसके फैसले से यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि धारा 370 को निरस्त करना राष्ट्रीय हित में था या नहीं। दरअसल,याचिकाकर्ताओं की मांग है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल किया जाए और उसका पूर्ण राज्य का दर्जा भी लौटाया जाए। चीफ जस्टिस के नेतृत्व में पांच सदस्यीय पीठ यह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि वह केवल संवैधानिक मुद्दों पर ही सीमित रहेगी। शीर्ष अदालत केवल यह देखेगी कि कोई संवैधानिक उल्लंघन हुआ है या नहीं। अदालत 370 निरस्त करने के फैसले के अन्तर्निहित विवेक की जांच करेगी। सभी जानते हैं कि अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता नेशनल कांफ्रेंस नेता मोहम्मद अकबर लोन द्वारा 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाने का मुद्दा भी उठा। केन्द्र सरकार ने मांग की है कि अकबर लोन माफी मांगें और भारतीय संविधान में निष्ठा संबंधी शपथपत्र दायर करे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अकबर लोन को शपथपत्र देने को भी कहा है। कश्मीरी पंडितों के संगठन रूट्स इन कश्मीर ने याचिका दायर कर दावा किया था कि अकबर लोन घोषित तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। यद्यपि अकबर लोन ने हल्फनामा दे दिया है, इस पर महाअधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस के सांसद अकबर लोन द्वारा दायर किया गया हल्फनामा एक तमाशा है। यह हल्फनामा जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जिससे देश की छवि को नुक्सान पहुंचा है। उन्होंने अदालत से यह भी कहा है कि वह यह देखें कि अकबर लोन ने इस हल्फनामे में क्या नहीं लिखा है। लोन ने हल्फनामे में लिखा है कि ''मैं भारत का एक जिम्मेदार नागरिक हूं। सांसद के रूप में ली गई शपथ को दोहराता हूं। मैंने भारत के संविधान को बनाए रखने और भारत की अखंडता बनाए रखने की शपथ ली है। सुप्रीम कोर्ट उनके हल्फनामे की समीक्षा कर फैसला करेगी। सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर में मतदाता सूचियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और वहां कभी भी चुनाव कराए जा सकते हैं। चुनावों की तिथियों का फैसला निर्वाचन आयोग को करना है। हालांकि केन्द्र ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संबंध में कोई समय सीमा नहीं बताई। इसमें कोई संदेह नहीं कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और घुसपैठ की घटनाओं में काफी कमी आई है और पत्थरबाज अब कहीं दिखाई नहीं देते। जम्मू-कश्मीर में शांति बहाली केंद्र सरकार के लिये सबसे बड़ी चुनौती है और देशवासियों को भी इसका इंतजार है। इस दिशा में धीरे ही सही लेकिन कदम बढ रहे हैं। कश्मीर में सिनेमाघरों का खुलना,बाजारों में रात तक चहलपहल और देशभर के पर्यटकों का पहुंचना भी इसकी बानगी है

## निशाना

### दौरा है विदेश !



– कृष्णेन्द्र राय

कर रहे वो भ्रमण ।  
देते नए बयान ।।  
दौरा है विदेश ।  
है बनना महान ।।  
लाने को सुधार ।  
रहे वो ख़ाक छान ।।  
उगल रहे हैं पल पल ।  
अंदर जितना ज्ञान ।।  
चमत्कार है करना ।  
हैं फंसे मझधार ।।  
धीरे धीरे कार्य से ।  
कर रहे स्वीकार ।।  
सूझे ना उपाय ।  
एड़ी चोटी ज़ोर ।।  
जो इनके समर्थक ।  
चिंता में घनघोर ।।

## आज का इतिहास

- 1776 - अमेरिकी संसद कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर देश का नाम यूनाइटेट कॉलोनीज से बदलकर संयुक्त राज्य अमेरिका किया।
- 1850 - कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।
- 1867 - यूरोपीयीय देश लक्जमबर्ग ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1915 - प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी सचिन्द्रनाथ सान्याल और अंग्रेज़ों के बीच उड़ीसा के काप्टेवाड़ा में संघर्ष।
- 1920 - अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ मुस्लिम विवि में रूपांतरित हो गया।
- 1924 - 9 सितंबर से 11 सितंबर तक भारत में कोहाट दंगे हुए।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर अनावश्यक बहस क्यों?

राजीव खंडेलवाल

### ''सही नीति'' होने के बावजूद पूर्णत: धरातल पर ''स्थायी'' रूप से लागू करना संभव नहीं !




प्रश्न क्या ''एक राष्ट्र एक चुनाव नीति'' अभी लागू की जाना जरूरी है, उससे पहले यह प्रश्न यक्ष उत्पन्न होता है कि क्या सरकार वास्तव में इस संबंध में गंभीर भी है? यदि सरकार वास्तव में कोई संशोधन बिल लाना ही चाहती होती तो, उक्त उद्देश्य को इस विशेष सत्र बुलाने की घोषणा में समावेश कर लेती। जैसा कि पूर्व में जब-जब विशेष सत्र बुलाए गए हैं, तो उनके उद्देश्य घोषित किए गए थे। तदनुसार संसद में उन विषयों पर कार्यवाही भी हुई। चूंकि वर्तमान में कोई उद्देश्य (एजेंडा) घोषित किये बिना बुलाए इस विशेष सत्र में सरकार इस संबंध में कोई विधेयक लाएगी, इसकी संभावनाएं इसलिए भी नगण्य सी लगती हैं कि, एक तरफ सरकार ने इस संबंध में एक कमेटी ही बना दी है, तब उसकी रिपोर्ट/सिफारिश आने तक तो इंतजार करना ही होगा। यह रिपोर्ट 15 दिन के अंदर आ जाए, ऐसा संभव लगता नहीं है। क्योंकि इस कमेटी का कार्यकाल का समय स्पष्ट रूप से ''निश्चित'' नहीं किया गया है। दूसरी ओर, संसदीय मंत्री का यह कथन कि कमेटी की रिपोर्ट आयेगी, जिस पर चर्चा होगी। परन्तु उन्होंने भी यह नहीं कहा कि इसी ''विशेष सत्र में ही'' चर्चा होगी। इसलिए मीडिया या विपक्ष का इस संबंध में हंगामा ख?ा करना उचित नहीं है। वैसे भी जिस प्रकार ''यूनीफार्म सिविल कोड'' को लेकर सरकार ने विस्तृत जन चर्चा कराई और मीडिया ने खूब सुर्खियां भी बटोरी। परन्तु आज वह ''कोड'' संसद में किस कोने पर है? कहने की आवश्यकता नहीं है। जोर खरोश से ''सीएबी'' पारित होने के बावजूद आजतक नियम न बनाये जाने के कारण धरातल पर लागू नहीं किया जा सका। क्यों?

**विपक्ष की प्रतिक्रियाएं :** ''हर शख्स बुद्धिमान है, जब तक वह बोलता नहीं'', इस सिद्धांत के धुर विरोधी राहुल गांधी के इस संबंध में दिए गए बयान की बात कर लेते हैं। देश की विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस जो ''इंडिया'' को लीड करती हुई दिख रही है, के सर्वोच्च प्रभावशाली नेता राहुल गांधी का यह कथन की ''वन नेशन वन इलेक्शन'' ''संघवाद पर चोट है'' न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह उनकी समझ पर भी ''प्रश्न वाचक चिन्ह'' फिर लगाता है, जैसा की उनकी भारत यात्रा के पूर्व कई अवसरों पर लगाया जाता रहा है। प्रश्न यह है कि क्या केंद्रीय सरकार ''वन नेशन वन इलेक्शन'' के द्वारा कोई नई चीज ला रही है, नई बात कह रही है? बिल्कुल भी नहीं। राहुल गांधी आलोचना में कभी इतने अंधे हो जाते हैं कि जब वे इस मुद्दे पर आलोचना करते हुए यह कह जाते हैं कि यह ''संघवाद पर आघात'' है, तो वे यह भूल जाते हैं कि वर्ष 1952 से लेकर 1967 तक हुए चुनाव ''वन नेशन वन इलेक्शन'' के तहत ही हुए थे। तब समस्त समय कांग्रेस की सरकारे ही थी। क्या तब भी वह संघवाद पर आघात था? ''हंसुआ के ब्याह में खुरपी के गीत गाने वाले'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे ने विरोध करते हुए कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोकतांत्रिक भारत धीरे-धीरे तानाशाही में तब्दील हो जाए. एक राष्ट, एक चुनाव पर समिति बनाने की ये नौटंकी भारत के संघीय ढांचे को खत्म करने का एक हथकंडा है। ''हमारे घर आओगे क्या लाओगे, तुम्हारे घर आएंगे क्या खिलाओगे'' के आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश के लिए क्या जरूरी है, वन नेशन वन इलेक्शन या वन नेशन वन एजुकेशन (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसी अच्छी शिक्षा), वन नेशन वन इलाज (अमीर हो या गरीब, सबको एक जैसा अच्छा इलाज), आम आदमी को वन नेशन वन इलेक्शन से क्या मिलेगा।

**यह कोई नई नीति नहीं, पूर्व प्रचलित प्रणाली ही है:** जैसा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि ''वन नेशन वन इलेक्शन'' कोई ''नया सिद्धांत'' ''नीति'' या ''प्रणाली'' नहीं है। बल्कि वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 1967 तक वर्तमान (समय-समय पर संशोधित) जनप्रतिनिधित्व कानून के अंतर्गत ही इस देश में इसी नीति के तहत सफलतापूर्वक चुनाव होते रहे हैं। इसलिए इस नीति के 'गुण' (मेरिट्स) पर सिद्धांत न तो कोई आपत्ति की जा सकती है और नहीं कोई विवाद हो सकता है। इस नीति को पुनः धरातल पर उतारने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भारी धन अपव्यय होने से भी बचेगा। क्योंकि जब स्थानीय निकायों से लेकर विधानसभा, लोकसभा के चुनाव होते हैं, तब दो-ढाई महीने पूर्व से चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू कर दी जाती है और सरकार को नीतिगत निर्णय लेने से चुनाव आयोग द्वारा रोक दिया जाता है। वैसे समय-समय पर विभिन्न राजनेता गण इसकी वकालत करते रहे हैं। चुनाव आयोग ने वर्ष 82-83 में एक साथ चुनाव कराने के संबंध में सुझाव दिए थे। दिसम्बर 2015 में संसद की स्थायी समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में 1999 की बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता वाले ला कमीशन की 170 वीं रिपोर्ट के आधार पर दो चरणों में चुनाव करवाने की सिफारिश की थी? वर्ष 2017 में नीति आयोग ने भी एक साथ चुनाव का विश्लेषण ''क्या, क्यों और कैसे'' नाम से वर्किंग पेपर में किया था। वर्ष 2018 में जस्टिस बी एस चैहान की अध्यक्षता में गठित विधि आयोग ने भी संबंध में एक रिपोर्ट दी थी, जिसमें राजनैतिक दलों से विचार-विमर्श के साथ पांच संवैधानिक संशोधन करने की जरूरत बतलाई थी।

**आम सहमति प्रथम प्राथमिकता :** सरकार ने कमेटी की घोषणा जिस समय की है, उसकी ''टाइमिंग'' को लेकर जरूर सरकार को कटघरे में खड़ा करने का एक मौका अवश्य विपक्ष को दे दिया है। प्रश्न फिर वही है कि वास्तव में क्या सरकार इस मुद्दे पर संजीद है? क्योंकि यदि वास्तव में इसको धरातल पर उतारना है, तो कानून में संशोधन करने के पहले केंद्रीय सरकार का यह महत्वपूर्ण दायित्व बनता है कि वह ''हंडिया च?ा कर नोन ढूंढने न निकले'' बल्कि पहले समस्त राज्य सरकारों से इस संबंध में बात कर ''सहमति बनाने का प्रयास अवश्य करें'' और यदि सहमति बन जाती है, तब फिर कानून में कोई संशोधन करने की आवश्यकता ही उत्पन्न नहीं होगी। जैसा कि कहा जाता है कि ''वक्र चंद्रमहि ग्रसहुं न राहु''। इसी वर्ष जुलाई 2023 में संसद में सांसद किरो?ी लाल मीणा द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल का एक साथ चुनाव कराने के संबंध में यह जवाब था कि राजनीतिक दलों की आम सहमति के साथ देश का ''संघीय ढांचा'' होने के कारण राज्यों के साथ ''सहमति'' बनाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही ऐसा किये जाने पर कई हजार करो? का खर्चा ''ईवीएम'' का ब? जाएगा। जबकि ''एक साथ चुनाव'' के पीछे का मुख्य उद्देश्य समय-धन कम करना ही बताया जा रहा है। वर्ष 1967 के बाद जब यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जहां अधिकतर जगह केंद्र राज्यों के चुनाव अलग-अलग समय में होने लगे हैं, तो वह कानून में कोई परिवर्तन होने के कारण नहीं हुए हैं, बल्कि राजनीतिक परिस्थितियों के घटने के कारण वैधानिक रूप से उत्पन्न हुए हैं।

**एक साथ चुनाव क्या ''स्थाई'' ''रूप-स्वरूप'' ले सकेगा :** आम सहमति न होने के की स्थिति में संवैधानिक संशोधन किए जा कर एक साथ लोकसभा विधानसभा के चुनाव एक या दो चरण में करने के बावजूद क्या भविष्य में भी यही स्थिति हमेशा रह पाएगी? देश की राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। भविष्य में केंद्र या राज्यों की सरकारें किसी भी कारण से गिरने से या भंग किये जाने की स्थिति में यह चक्र टूटना लाजिमी है। क्योंकि यह कानून नहीं बनाया सकता कि एक बार चुनी गई सरकार 5 साल की पूर्ण अवधि पूरा करेगी। चाहे संसद या विधानसभा में बहुमत हो अथवा नहीं। अथवा उनकी संसद या विधानसभा भंग करने की सिफारिश नहीं मानी जाएगी? हमारे देश में संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली है। अमेरिका के समान राष्टपति प्रणाली नहीं है, जहां राष्ट्रपति प्रतिनिधि सभा या सीनेट के प्रति जिम्मेदार नहीं होता है। वैसे यह राज्य सरकार की नहीं बल्कि केन्द्र सरकार की समस्या ज्यादा है। तब फिर इस तरह की कवायद करने का अर्थ क्या है? वैसे चुनाव आयोग को यह अधिकार है कि वह चुनाव को निर्धारित समय के साथ छः महीने पहले या छह महीने बाद तक कर सकती है। यदि चुनाव आयोग के इस अधिकार क्षेत्र को छः महीने की जगह 1 साल का अधिकार दे दिया जाये तो वह समस्त समस्या का व्यवहारिक हल यथा संभव उक्त ''गोल'' के निकट तक निकाल सकता है।

**(यह लेख के अपने विचार हैं।)**

# जी-20 सम्मेलन से नए विश्व की संरचना संभव

ललित गर्ग

हिंसा, आतंक एवं युद्ध से संत्रस्त दुनियाभर की नजरें आज व कल सितंबर को दिल्ली में होने वाले जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन पर टिकी हैं। यह सम्मेलन इसलिए भी खास है कि भारत इस साल जी-20 का अध्यक्ष होते हुए दुनिया को नयी दिशाएं एवं नये आयाम दिये हैं। सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध, चीन-ताइवान की तनातनी और उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण को लेकर असुरक्षा एवं अशांति की चिंताओं से घिरी हुई है। हालांकि जी-20 सुरक्षा संबंधी मुद्दों का नहीं, आर्थिक मुद्दों का मंच है, लेकिन सुरक्षा, शांति एवं युद्धमुक्त से होकर ही आर्थिक उन्नति के रास्ते खुलते हैं। सुरक्षा चिंताओं ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को जिस तरह प्रभावित कर रखा है, जी-20 देशों के लिए इसे पूरी तरह नजरअंदाज करना संभव नहीं है। जी-20 के सदस्य देशों की संयुक्त रूप से दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 85 फीसदी और अंतरराष्टीय व्यापार में 75 फीसदी की भागीदारी है। इस मंच के अध्यक्ष होने के नाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आर्थिक उन्नति के लिये शांति का सन्देश दिया है, उनका कहना है कि 'यह युग युद्ध का नहीं है' सन्देश फिर दुनिया को देने की जरूरत है। चीन की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश के लिए भी सम्मेलन में निर्णायक रूपरेखा एवं दिशाएं तय होनी चाहिए। जाहिर है, दिल्ली शिखर सम्मेलन में जो भी फैसले किए जाएंगे, पूरी दुनिया के लिए महत्त्वपूर्ण होंगेएवं उसी से नई विश्व संरचना संभव होगी।

समूची दुनिया युद्ध नहीं चाहती, अहिंसा एवं शांति की तेजस्विता ही विश्वजनमत की सबसे ब?ी अपेक्षा है, अब अहिंसा कायरता नहीं है बल्कि उन्नत एवं आदर्श विश्व संरचना का आधार है। अब एक दौर अहिंसा का चले, उसकी तेजस्विता का चले तो विश्व इतिहास के अगले पृष्ठ सचमुच में स्वर्णिम होंगे, जी-20 के माध्यम से आर्थिक उन्नति के रास्ते कपोतों के मुंह में गेहूं की बाली लिये होंगे। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा चीन एवं रूस पर निर्णय एवं निर्णायक रूपरेखा को तैयार करना ही होगा। दिल्ली सम्मेलन में रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्टपति शी जिनपिंग की दूसरे देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों पर सबकी नजरें टिकी थीं, पर दोनों सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। इससे सम्मेलन के उद्देश्यों और संभावनाओं पर खास असर नहीं प?ेगा। जब अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया जैसे ब? देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं तो दुनिया की मौजूदा चुनौतियों से निपटने की कोई न कोई दिशा जरूर उभरेगी। इसकी संभावनाएं इसलिए भी बढ़ गई हैं, क्योंकि भारत ने नीदरलैंड्स, मिस्र, स्पेन, नाइजीरिया, संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश समेत नौ ऐसे देशों को भी आमंत्रित किया है, जो जी-20 के सदस्य नहीं हैं।

भारत ने सारी वसुधा को अपना परिवार मानते हुए ही जी-20 के अध्यक्षीय दायित्व को संभाला है। आज से एक सदी पूर्व अमरीका के शिकागो में सर्वधर्म सम्मेलन में उपस्थित प्रतिनिधियों को 'बहिनों और भाइयों' के रूप में सम्बोधित कर स्वामी विवेकानंद ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भारतीय भावना का ही विचार तो दिया था, जिसे सुनकर वहां उपस्थित सभी प्रतिनिधि आश्चर्यचकित रह गये और इस संबोधन से गद्गद् होकर बहुत देर तक करतल ध्वनि करते रहे। आज भी मोदी उसी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' मंत्र को जी-20 का उद्घोष एवं लोगो बनाकर दुनिया को एक परिवार बनाने की ओर कदम ब?ाये हैं, लेकिन इन राहों में चीन एवं रूस जैसे महत्वाकांक्षी देश कांटे बो रहे हैं। दरअसल, दुनिया के देशों को यह समझना होगा कि इस वक्त चीन और रूस, दोनों ही अपने हिसाब से दुनिया को संचालित करना चाहते हैं। दोनों की मंशा अपने प?ोसी देशों की संप्रभुता को नष्ट करने की है और साथ ही, इस सरासर अन्यायपूर्ण व अमानवीय कृत्य में वे जी-20 जैसे मंचों का समर्थन भी चाहते हैं। कैसे भुला दिया जाए कि पुतिन यूक्रेन के खिलाफ बाकायदा युद्ध लड़ रहे हैं, तो चीन ताइवान व भारतीय इलाकों पर लगातार गिद्ध दृष्टि गड़ा बैठा है? इसके बावजूद दुनिया में निरंतर सशक्त होते भारत को न तो निरश होना चाहिए और न हार मानकर बैठ जाना चाहिए।




भारत को अपनी परम्परा से मिली ऊर्जा से दुनिया में शांति, सुख एवं समृद्धि की कामना एवं प्रयत्न करते रहना हैं। इतिहास साक्षी है कि सभी प्राणियों के सुख-शांति की कामना करने वाले हमारे पूर्वजों ने कहीं भी राजनैतिक सत्ता की प्राप्ति का लक्ष्य रखकर आक्रमण नहीं किया, किसी देश पर अतिक्रमण नहीं किया, किसी देश की सीमाओं पर कब्जा नहीं किया। यदि कहीं संघर्ष की स्थिति आयी थी तो लक्ष्य रहा सज्जनों का परित्राण और दुष्टों का विनाश। इसके अतिरिक्त जहां कहीं वे गये, वहां अपने सद्व्यवहार और ज्ञान के बल पर उन्होंने भाईचारे और भारतीय संस्कृति की पताका ही लहराई न कि सत्ता के मद में किसी पर आक्रमण किया। वृहत्तर भारत के देशों में आज भी भारतीय संस्कृति के गरिमामय अवशेष इस कथ्य के प्रमाण हैं। दुनिया के प्रति भारत की अपनी स्वतंत्र नीति है और उसी के अनुरूप आचरण जारी रहना चाहिए। ध्यान रहे, हमारी प्रगति के प्रति प्रतिकूल नजरिया रखने वाले देशों की चलती, तो भारत में कभी जी-20 का आयोजन नहीं होता और न अध्यक्षता मिलती। भारत ने जो पाया है, अपने प्रयासों से पाया है और आगे भी उसे अपने पुरुषार्थ से ही सफलताएं हासिल होंगी।

आज भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट के लिए अकेले चीनी राष्टपति जिम्मेदार हैं। एकाधिक ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे यह सिद्ध किया जा सकता है कि भारत में होने वाले शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग आ रहे हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि जो?ने-जु?ने के शिखर मंच पर चीन की ओर से तो?ने-टूटने की बातें नहीं होंगी। निश्चित ही भारत ने अपनी अध्यक्षता में जी-20 को और ज्यादा समावेशी मंच बनाया है, अनेक नये देशों को इस मंच से जो?ा गया है। भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ भी जी-20 से जु?ा, जबकि पहले इस मंच पर अफ्रीका के लोगों की आवाज नहीं थी। वैश्विक आर्थिक संकट से उबरने के लिए 1999 में जब जी-20 का गठन किया गया था तो शुरुआत में सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और प्रमुख बैंक गवर्नर ही सम्मेलन में बुलाए जाते थे। दिल्ली सम्मेलन में पहली बार करीब 40 देशों के राष्टाध्यक्ष व कई वैश्विक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं, निश्चित ही यह सम्मेलन अनूठा एवं विलक्षण होगा और भारत ने इसकी गरिमा के अनुकूल तैयारियां भी भव्य एवं अद्वितीय की है।

भारत के लिए यह सम्मेलन सदस्य देशों के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के आधार तलाशने के प्रयास तेज करने का अच्छा मौका है। रूसी राष्टपति पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध की वजह आने में असमर्थ हैं। इसके पीछे उनकी कोई गहरी कूटनीति नहीं है। बावजूद इसके देखने वाले रूस-चीन के शीर्ष नेताओं की जी-20 को गंभीरता से न लेने एवं उनकी बेरूखी का कोई तो मतलब निकालेंगे। ऐसा इसलिए भी होगा, क्योंकि जी-20 में शांतिप्रिय पश्चिमी देशों का वर्चस्व है। इसके अलावा, शांति के पक्षधर और पंचशील की बुनियाद रखने वाले युद्ध विरोधी भारत के पास इसकी अध्यक्षता है, जिसे लेकर शुरू से चीन असहज है। उसकी असहजता का कारण उसकी विस्तारवादी गतिविधियों एवं कूटनीति पर पानी फिरना है। भारत के विरोध में वह अलग-थलग है। कूटनीति के जानकार मानते हैं कि शी जिनपिंग ने अपने देश का नया नक्शा ऐसे समय में यूं ही नहीं जारी कराया था। चीन के नए नक्शे में कई देशों की सीमाओं का उल्लंघन है। चीन ने केवल भारत के अरुणाचल समेत कुछ इलाकों को ही अपने नये नक्शे में नहीं दिखाया है बल्कि मलयेशिया, फिलीपींस, विएतनाम को भी अपने नक्शे में दिखाया है। भारत ने इस पर अपना एतराज जाहिर किया है। सत्य तो यह है कि भारतीय संस्कृति एवं राजनीति की सुदीर्घ यात्रा में विश्व-कल्याण और मानव-कल्याण की भावना सदैव सक्रिय रही है। इस संस्कृति के अंतर्गत उपलब्ध संपूर्ण वाङ्मय में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना अंतःसलिला सरिता के समान सदा प्रवहमान रही है। इसमें व्यक्ति की अपेक्षा समष्टि को, देश के साथ संपूर्ण विश्व को प्रधानता दी गई है। जी-20 दिल्ली सम्मेलन में विश्व-परिवार की भावना को ही बल दिया जायेगा।

### कांठल क्षेत्र के खेतों में सोयाबीन की इल्लियां खेतों को छोड़कर रोड पर आने लगीं

# सोयाबीन की फसल को चट कर गईं इल्लियां, खेतों में खड़े डंठल

सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

**क्षेत्र में लगातार अल्पवर्षा और सुखा बना रहने की स्थिति के बाद अचानक हुई बरसात और बादल छाए रहने के कारण सोयाबीन की फसल में इल्ली का अत्यधिक प्रकोप बढ़ गया है । सोयाबीन के खेतों में तंबाकू इल्ली कहलाने वाली इल्लियों ने सोयाबीन की फसल चौपट कर दी है । अब बिगड़ते हुए मौसम के कारण संभावना जताई जा रही है कि क्षेत्र में बोई गई करीब 35000 हेक्टर भूमि की फसल भी बर्बाद होने की स्थिति में है।**





क्षेत्र में करीब 35000 हैकटेयर भूमि पर सोयाबीन की फसल बोई गई है । 3 अगस्त के बाद पानी नहीं गिरने से बने सुखे के हालात और एक महीने बाद लगातार पानी गिरते रहने, बादल छाए रहने और मौसम परिवर्तन के कारण इल्ली का प्रकोप इतना ज्यादा सामने आया कि वह सोयाबीन की फसल पर महामारी के रूप में देखने को मिल रहा है । ग्राम नाहरकोला खुर्द के किसान संतोष साहू के 18 एकड़ में लगी सोयाबीन की फसल में अब पत्ते और फलिया नहीं बची । इल्ली सब चट कर गई । इसी तरह कमल सिंह कीर, उदय सिंह तंवर, राजेश साहू, चंदरसिह सहित अनेक ऐसे किसान है जिनके खेतों में अब सिर्फ डंठल ही नजर आ रहे । इसी तरह ईल्ली का यह प्रकोप आसपास के गांव भीमगांव, गाडरापुर, चापादेबडी, कोलगांव जैसे ग्रामों में भी देखने को मिल रही है । किसानों ने बताया कि अभी तक शासन की ओर से फसल को बचाने के उपाय बताने के लिए विभाग और सर्वेक्षण के लिए कोई कर्मचारी गांव तक नहीं आया है ।

ग्राम नाहरकोला खुर्द के किसान संतोष साहू ने बताया कि मैं दो दिन पहले ही खेत देखकर गया हूं और आज दो दिन बाद इल्लियो ने पूरी फसल चैपट कर दी । इस सोयाबीन में इल्ली लगने के कारण मेरा कम से कम 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है । खेतों में इल्लियां इतनी ज्यादा तादाद में है कि वह अब खेत छोड़ कर रोड पर भी दिखाई देने लगी है ।

## सर्वेक्षण और सलाह दिलाने की मांग

इल्ली के प्रकोप से ग्रसित ग्रामों के किसानों ने मांग की है कि तुरंत ही हमारी फसलों का सर्वे कराया जाए ताकि नुकसान का अनुमान लगाया जा सके इसी के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिकों को भेज कर हमें सलाह दी जाए की ऐसी स्थिति में अब हम क्या करें?

## कितने रकबे में बोई कौन

क्षेत्र में धान 29,300 हैक्टेयर, सोयाबीन 34,200 हेक्टेयर, मक्का 16, 300 हेक्टेयर, ज्वार 70 हेक्टेयर, मूंग 120 हेक्टेयर, तिल 50 हेक्टेयर और अरहर 75 हेक्टेयर । कुल 80,245 हेक्टेयर में फसलें बोई गई हैं।

### किसानों की सहायता के लिए कृषि अधिकारी भेजे हैं

*हमने क्षेत्र में कृषि अधिकारी भेजे है और यदि ऐसा प्रतीत होता है तो कृषि वैज्ञानिकों को बुलाकर किसानों के हित में सलाह ली जाएगी*

***- राजीव यादव, एसडीओ, कृषि विभाग, नर्मदापुरम***

# मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त 70 शिकायतों का तत्परता से निराकरण

### आवेदनकर्ताओं ने प्रशासन को दिया धन्यवाद

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के नागरिकों की खुशहाली और शासन द्वारा आमजन को प्रदान की जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं को सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आमजन की कठिनाइयों को पूरी संवेदनशीलता से दूर करने के लिए काम कर रहे हैं। आमजन की समस्याओं को लेकर उनकी असाधारण संवेदनशीलता का पता इस बात से ही चलता है कि नागरिकों की छोटी से छोटी शिकायतों को भी गंभीरता से लेते हैं और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश देते हैं। वे अधिकारियों से भी उतनी ही संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ शिकायतों को निराकरण करने की अपेक्षा भी करते हैं। जिले के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री को जो समस्याएं शिकायतें भेजी जाती हैं, उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन को प्रेषित कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते हैं। विगत दिवसो में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नर्मदापुरम जिले की 70 शिकायतों को निराकरण के लिए भेजा गया। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह द्वारा उतनी ही तत्परता और संवेदनशीलता के साथ सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराया गया।

## शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क

कलेक्टर के निर्देश पर इन शिकायतों से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द लोगों की समस्याओं का निराकरण के लिए शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क किया गया तथा उनकी समस्या का संतुष्टि पूर्वक समाधान किया गया। इसके लिए अनेक आवेदन कर्ताओं ने जल्द समस्या के समाधान के लिए और अधिकारियों द्वारा उनसे व्यक्तिगत संपर्क कर त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद भी दिया।

## राशन, लाड़ली लक्ष्मी से संबंधित शिकायत

प्राप्त शिकायतों का जिला अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। जिले के हितग्राहियों की राशन, बिजली, पेयजल, स्वच्छता, लाडली लक्ष्मी योजना से संबंधित शिकायत, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण आदि 70 से अधिक शिकायतों के आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिकायतों का निराकरण किया गया।

## खेत की बिजली में कटौती की शिकायत

जिले के सोहागपुर के ग्राम तालखेड़ी निवासी संजीव कुमार ठाकुर ने खेत की बिजली कटौती के संबंध में आवेदन दिया था,जिस पर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही कर विद्युत सप्लाई चालू की गई। सिवनी मालवा के बिसोनी कला निवासी दिनेश कुमार लवंशी ने 3 माह से राशन नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया जिस पर आवेदक को जुलाई, अगस्त एवं सितंबर माह का राशन प्रदान किया गया। इसी प्रकार पिपरिया के पुनोर निवासी कैलाश पटेल के राशन नहीं मिलने की समस्या पर आवेदक को दो माह का राशन उपलब्ध कराया गया।

# जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मना, बच्चे बने राधा-कृष्ण



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। नर्मदा किड्स वैली स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हे मुन्ने बच्चे और बच्चियों ने राधा कृष्णा के रूप में प्रस्तुति दी।

यह एक आकर्षण का केंद्र रही आज सीनियर केजी के छात्रों ने जन्माष्टमी पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने माखन चोर की कहानी दिखाई और श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित विभिन्न भूमिकाएँ निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। बाल गोपाल के शरारती स्वभाव को चिह्नित करने के लिए मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिक्षकों ने श्री कृष्ण जन्मअष्टमी और हमारे देश के पारंपरिक त्योहारों के महत्व को याद दिलाने के लिए भाषण दिया। वहीं दूसरी ओर मंदिरों में भी झूले डाले गए जिसमें भगवान कृष्ण को पालने में झुलाया गया और देर रात तक भजन कीर्तन होता रहा।

# उन्नत खेती व अधिक उत्पादन पाने तकनीकी ज्ञान बहुत जरूरी

सीहोर, दोपहर मेट्रो।

किसान भाई उन्नत खेती और अधिक उत्पादन के लिये तकनीकी ज्ञान से स्वयं को समृद्ध करें। जिले के किसान को उन्नत खेती करने के तरीके कृषि अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक अपने ग्रमीण क्षेत्रों के भ्रमण दौरान किसानों को आधुनिक खेती कैसे करें, गुणवत्तायुक्त उत्पादन कैसे हो, किसानों को अपनी उपज का अधिक से अधिक मूल्य कैसे प्राप्त हो। इन सभी के बारे में समय-समय पर बताये जा रहे है। किसान भाई उन्नत खेती करने के लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा बताये गये नये-नये तरीके अपनाए जिससे अधिक से अधिक खेती में लाभ लें, जिससे उत्पादन वृद्धि में मदद मिल सके। किसान परिवार के बच्चे अब उच्च शिक्षित हो रहे हैं। हम सभी उन्हें खेती के साथ कृषिगत व्यापार और उद्योग के लिये भी प्रोत्साहित करें। सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये प्रयासरत है। किसानों के अच्छे दिन आये हैं। इसीलिये बेहतर योजनाएँ बना कर लाभ न्वित किया जा रहा है।

### होम साइंस कॉलेज में स्वावलंबी भारत अभियान का कार्यक्रम

# स्वदेशी का उपयोग राष्ट्र निष्ठा का परिचायक है

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में 8 सितंबर को स्वावलंबी भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य सहित मुख्य वक्ता हेमंत रावत संगठक स्वदेशी जागरण मंच भोपाल, डॉ. योगेश मोहन सेठ स्वदेशी जागरण मंच विभाग संयोजक नर्मदापुरम, सुश्री ज्योति मालवीय सह प्रमुख रोजगार सृजन केंद्र, श्रीमती तारा मालवीय सुश्री भारती शर्मा तहसील महिला प्रकोष्ठ, सचिन मिश्रा नगर संयोजक, इंद्र मोहन दुबे, संजय शर्मा, डॉ. संध्या राय ने मंच पर अपनी गरिमा में उपस्थिति प्रदान की। दर्शक दीर्घा में विद्यालय की छात्राएं तथा महा विद्यालय स्टॉफ रहा. दीप प्रज्वलित कर

संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रेमकांत कटंगकर के सहयोग से सृष्टि जैन गरिमा शर्मा, विधि यादव, काजल, संगीता, हिमानी एवं रघुवीर राजपूत ने वैदिक मंत्रों का सस्वर गायन किया। अतिथियों को छात्राओं के द्वारा निर्मित बैच लगाकर सम्मानित किया गया। संगीत विभाग की छात्रा कुमारी सौम्या कौशिक, कुमारी पूजा गोस्वामी, कुमारी पूजा तिवारी ने स्वदेशी गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. संध्या राय ने



विषय परिवर्तन कर बताया कि हमें उद्यमिता की ओर रुख बदलना होगा। हमें कौशल विकास, नवाचार, अनुसंधान,विकास से एक ऐसा वातावरण बनाना होगा। जिसमें देश का युवा वर्ग अपनी क्षमता का उपयोग कर सके। डॉ. योगेश मोहन सेठा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटी उम्र से ही काम शुरू करना चाहिए। आप हमेशा कर्मशील रहें एवं अपनी कार्य क्षमता को बढ़ाएं। हमें स्वदेशी वस्तुओं की उपयोगिता एवं महत्व समझना होगा स्वदेशी का उपयोगिता एवं महत्व को समझना होगा। स्वदेशी का उपयोग हमारे देश के आर्थिक ढ़ाचे को परिपक्व करने में सहयोगी होगा। हेमंत रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वदेशी का उपयोग भावना एवं राष्ट निष्ठा का परिचायक है। आप ज्यादा से ज्यादा देश में निर्मित एवं क्षेत्रीय उत्पादकों का प्रयोग करें ताकि देश का धन देश में रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप रोजगार प्रदाता बने अपने गुणों को पहचाने और उसी दिशा में प्रयास करें तो आप शत प्रतिशत सफल उद्यमी होंगे. हमें अपनी रुचि को समझना होगा और इस क्षेत्र में प्रयास करना होगा. भूतपूर्व छात्रा श्रीमती बसु चौधरी, सुरभी अग्रवाल, ज्योति मालविया, निधि राजक, अंकिता चौहान, साक्षी अमोले, रीता यादव, निकिता पाल, प्रियंका मालवीय ने अनुभव साझा किए।

**मेट्रो एंकर**

### वृध्दाश्रम समेत अनेक संस्थाओं में पहुंचे, सफाई सुधार के निर्देश

# प्रमुख सचिव के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

सीहोर दोपहर मेट्रो।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा ने मान्यता प्राप्त संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया तो अफसरों में हडकंप मच गया। इस दौरान सिन्हा ने राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्था के निर्माणाधीन स्थल, संकल्प वृद्धाश्रम केन्द्र, संकल्प नशामुक्ति केन्द्र, जिला विकलांग एवं पुनर्वास केन्द्र सहित अन्य संस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए।



निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी तथा सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक महेश यादव भी पहुंच गये थे। प्रमुख सचिव सिन्हा ने सबसे पहले राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्था के निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी और समय निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्था के कर्मचारियों के संस्था की जानकारी लेते हुए वर्तमान में पुराने जिला पंचायत में चल रहे प्रशिक्षण, छात्र-छात्राओं की संख्या, उनकी उपस्थिति संबंधी जानकारी ली। इसके बाद वे संकल्प वृद्धाश्रम का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने संकल्प वृद्धाश्रम में के सभी कक्षो एवं शौचालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के कर्मचारियों को संस्था में पर्याप्त साफ-सफाई तथा शौचालयों में वृद्धजनों की सुविधा के लिए रेलिंग लगाने एवं शौचालय की क्षतिग्रस्त सीट को ठीक करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने संकल्प नशामुक्ति केन्द्र के निरीक्षण के दौरान संस्था में भर्ती लोगो से चर्चा की। उन्होंने संस्था के कर्मचारियों संस्था में पर्याप्त साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनो संस्थाओं के कर्मचारियों से भारत सरकार द्वारा प्राप्त अनुदान एवं समय-समय पर ऑडिट कराने संबंधी जानकारी ली। उन्होंने वर्तमान में संस्था का प्रस्ताव शासन को कब भेजा गया है, उसे संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।









# नंदोत्सव पर विधायक ने किए मंदिरों के दर्शन

## सिरोंज में जन्माष्टमी के दूसरे दिन भी हुए कार्यक्रम, बताया मंदिरों का ऐतिहासिक महत्व

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जन्माष्ठमी के दूसरे दिन शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के प्राचीन मंदिरों में भगवान के दर्शन किए।

ढोल बाजों के साथ विभिन्न प्राचीन मंदिरों में बालकृष्ण स्वरूपों के दर्शनों को पहुँचे विधायक शर्मा ने प्रत्येक मंदिर में अपनी ओर से प्रसादी अर्पित करते हुए क्षेत्र के नागरिकों की खुशहाली की कामना की। दर्शनों के दौरान उन्होंने मंदिर के पुजारियों एवं मंदिर प्रबंधन समितियों का केसरिया पटका पहनाकर सम्मान भी किया।

नगर के ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिरों में पहुँचकर उन्होंने उपस्थित दर्शनार्थियों सहित साथी कार्यकर्ताओं को श्री गिरधारी जी,चित्रगुप्त जी,श्रीराम मंदिर सहित अनेकों मंदिरों के प्राचीन महत्व से भी अवगत कराया।



दर्शनों के क्रम में वह सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय भी पहुँचे। श्री कृष्ण राधा सहित बृजवासियों के स्वरूपो की झाँकी विधालय प्रबंधन द्वारा सजाई गई थी। विधायक शर्मा ने छोटे छोटे बाल स्वरुपों में राधाकृष्ण बन महारास नृत्य कर रहे स्कूल के बच्चों के साथ नृत्य कर उनका उत्साहवर्धन कर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से कोषाध्यक्ष विष्णु गर्ग एवं प्राचार्य में श्री शर्मा का सम्मान भी किया।

उल्लेखनीय है कि जन्माष्टमी के दूसरे दिन सिरोंज नगर में परम्परानुसार नंदोत्सव मनाया जाता है। सनातन संस्कृति को मानने वाले श्रद्धालुओं का तांता मंदिरों में बाल कृष्ण भगवान के दर्शनों के लिए लगा रहता है। पूर्व मंत्री स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा हमेशा से अपने साथियों के साथ नंदोत्सव मनाने मंदिर मंदिर पहुँचकर भगवान के दर्शन एवम बधाई देने जाते रहे है। उसी परंपरा को धूमधाम के साथ उनके अनुज विधायक उमाकांत शर्मा निभा रहे है। इस दौरान कार्यकर्ताबन्धु उपस्थित रहे।

### दीपनाखेड़ा एवं मुगलसराय थाना पुलिस ने की संयुक्त कार्यवाही

# 141 किग्रा वजनी पेड़ व 4.6 किग्रा सूखा गांजा किया जब्त

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**थाना दीपनाखेडा एवं मुगलसराय पुलिस विदिषा द्वारा दिनांक 7.9.23 को ग्राम मिर्जापुर टपरा स्थित महिला ललिता बाई पति नारायण कुषवाह उम्र 55साल के टपरे के बाडे में लगे 1302 गांजे के पेड वजनी 141 किलोग्राम व 4.6 किलोग्राम सूखा गांजा जब्त किया।**




थाना दीपनाखेडा पुलिस एवं मुगलसराय पुलिस की संयुक्त कार्यावाही कर एक बडी सफ्लता प्राप्त हुई है जिसकी जानकारी पुलिस एसडीओपी उमेष तिवारी ने सिरोंज थाने में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी । जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार षुक्ला के द्वारा नारकोटिक्स गतिविधियों पर कार्यावाही करने के निर्देष सभी थाना प्रभारियों को दिये गये है । निर्देष के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेष तिवारी सिरोंज के निर्देषन में मुखबिर की सूचना पर थाना थाना दीपनाखेडा एवं मुगलसराय पुलिस विदिषा द्वारा दिनांक 7.9.23 को ग्राम मिर्जापुर टपरा स्थित महिला ललिता बाई पति नारायण कुषवाह उम्र 55साल के टपरे के बाडे में लगे 1302 गांजे के पेड वजनी 141 किलोग्राम कीमती करीब डेढ लाख व महिला के कब्जे से 4.6 किलोग्राम सूखा गांजा कीमती करीब 50 हजार रूपये जप्त कर अपराध क्रमांक 115/23 धारा 8/20, 8/20 ए एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है । इस महत्पवूर्ण कार्यावाही में सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी दीपनाखेडा अनुज प्रताप सिंह थाना प्रभारी मुगलसराय मोहर सिंह गवली प्रधान आरक्षक दीपक सेंगर प्रधान आरक्षक रामकरन मालवीय महिला प्रधान आरक्षक नजमा बी आरक्षक अभिषेक षर्मा आरक्षक मंयक गोस्वामी आरक्षक षेलेन्द्र राजूपत की भूमिका रही ।

## दस्तक अभियान में विदिशा प्रदेश में 13वें स्थान पर

**विदिशा।** पूरे प्रदेश के साथ-साथ विदिशा जिले में दस्तक अभियान का संचालन 18 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक किया गया। जिसमें दस्तक दल द्वारा डोर-टू-डोर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की 12 प्रकार की गतिविधियां कर जांच, उपचार, परामर्श एवं प्रबंधन कर दस्तक पोर्टल पर एंट्री की गई है। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी के निर्देशन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा के साथ सभी विकास खण्डों के खंड चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यक्रम में संलग्न समस्त अधिकारी, कर्मचारियों के समन्वय से किए गए सार्थक प्रयासों से जिले की स्थिति में लगातार प्रगति परिलक्षित हो रही है। विदिशा जिले ने प्रदेश में सम्मानजनक स्थिति प्राप्त कर प्रदेश में 13 वां स्थान प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने समस्त जिला स्तरीय प्रोग्राम अधिकारियों एवं विकासखंड के बीएमओ को निर्देशित किया है कि समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की सतत समीक्षा करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के प्रयास करते रहें ताकि जिले की स्थिति प्रत्येक राष्ट्रीय कार्यक्रम में सम्मानजनक बनी रहे।

# यातायात व पार्किंग व्यवस्था सुगम बनाने के दिए निर्देश

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उनके चैम्बर में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। जिले में यातायात को सुचारू रूप से संचालन करने व चिन्हित दुर्घटना क्षेत्रों पर संकेतकों सहित अन्य प्रबंध सुनिश्चित करने के अलावा विदिशा शहर खासकर मुख्य बाजार में वाहनों की पार्किंग के संबंध में भी विचार विमर्श कर निर्णय लिए गए हैं।

उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के अलावा समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों पर संबंधित विभागों के द्वारा की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारियां प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात वर्तमान बैठक के ऐजेण्डा बिन्दुओं पर गहन चर्चा कर यातायात सुगमता के परिपेक्ष्य में निर्णय लिए गए है। बैठक में बताया गया कि स्कूली विद्यार्थियों को यातायात के नियमो की जानकारी देने के लिए विशेष पहल की जाएगी। इसी कडी के तहत नीमताल स्थित माधवगंज क्रमांक एक स्कूल एवं एसबीआई कलेक्टेव्ट शाखा के सामने रम्बल स्ट्रिप का कार्य करने, तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण एवं सेफ्टी ऑडिट करने का निर्णय लिया गया है आडिट में आए तथ्यों के आधार पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था दुरस्त हेतु रोड फर्नीचरमय प्रकरण प्रतिवेदन को प्रस्तुत करने स्कूली विद्यार्थियों को हेलमेट अनिवार्यतः पर बल दिया गया है। नियमो का उल्लघंन के खिलाफ प्रावधानो में अर्थदण्ड से अधिरोपित करने तथा यातायात नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया गया है।

### बच्चों द्वारा तैयार विभिन्न मॉडल की सजाई प्रदर्शनी

# टोरी बागरोद माध्यमिक शाला में मैजिक बस में मना पोषण सप्ताह



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सिरोंज। सामाजिक संस्था मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा माध्यमिक शाला टोरी बगरोद में बड़े ही हर्षोल्लास से पोषण सप्ताह मनाया गया द्य पोषण सप्ताह के अंतर्गत पोषण एवं पोषक तत्वों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किये गए जिसकी प्रदर्शनी स्कूल शाला मैं लगाई गई। बच्चो ने सही पोषण की महत्ता को प्रस्तुत करते हुए कई प्रकार के मॉडल तैयार किये । सही पोषण देश रोशन विषय पर आधारित कार्यक्रम में बच्चो को स्वस्थ्य रहने एवं संतुलित आहार गृहण करने को लेकर जानकारी प्रदान की गई । नेस्ले हेल्दी किड्स कार्यक्रम में नेस्ले भोपाल से आए जयभद्र मिश्रा द्वारा बच्चो को संबोधित करते हुए बताया गया की स्वस्थ्य बच्चे ही एक स्वस्थ्य देश की नीव है । इसीलिए हमे अभी से अपने खानपान का विशेष ध्यान रखना होंगा, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं उचित पोषण से हम आने वाले समय में बीमारियों से बच सकते है । हमे स्वस्थ रहने के लिए उचित पोषण की आवश्यकता होती है । सही पोषण प्राप्त न होने की स्थिति में बीमारियाँ हमे घेर लेती है । बच्चो द्वारा बनाये गए मॉडल में से विजेताओ को पुरष्कार वितरण किया गया । मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा विगत 03 वर्षो से सिरोंज विकासखंड के चयनित विद्यालयो में हेल्दी किड्स कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल बच्चो को सिखाया जा रहा है । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक उधम सिंह अहिरवार, ग्राम सरपंच राजेश साहू, मैजिक बस के कार्यक्रम प्रबंधक रितेश धोटे, टीएमओ वीर सिंह लोधी, मालती अहिरवार, सहित मैजिक बस की टीम उपस्थित रही।

# चुनाव खर्च पर नजर रखने दिया प्रशिक्षण

## आगामी विधानसभा निर्वाचन की पूर्व तैयारियां जारी

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय के अनुवीक्षण प्रक्रिया से विधानसभावार गठित दलो के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया था जिसमें पांचो विधानसभाओं के दलो को मास्टर टेञ्नर्सो द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

प्रशिक्षणार्थियो को अभ्यर्थियों के किन-किन व्यय का लेखा जोखा पर सतत नजर रखनी है और इसके लिए किन-किन निर्वाचन प्रकोष्ठो के नोडल अधिकारियों द्वारा व्यय के संबंध में जानकारियां उपलब्ध कराई जाएगी इसके अलावा सहायक व्यय प्रेक्षक, उडनदस्ता दल, एसएसटी, वीडियो दल (व्हीएसटी), वीडियो अवलोकन दल, लेखा दल के समस्त शासकीय सेवकों को विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में निर्वाचन




व्यय अनुवीक्षण के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित दिशा निर्देशो की विस्तृत जानकारी दी गई है।

अपर कलेक्टर श्री अनिल डामोर ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया का व्यय अनुवीक्षण कार्य अतिमहत्वपूर्ण है इस कार्य में किसी भी प्रकार की गलती ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए।

## मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक मदद

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने विदिशा तहसील के ग्राम आदमपुर के दो मृतको के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता आरबीसी 6(4) के तहत स्वीकृत करने का आदेश जारी कर दिया है।

ग्राम हांसुआ के पास ग्राम आदमपुर में स्कूली भवन की छत गिरने से दो लोगो की मृत्यु हो जाने पर कलेक्टर भार्गव के द्वारा मृतक जमील खॉन पिता अमर अली और मृतक आबिद खां पिता ललित खॉन को क्रमशः चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता जारी की है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग रायसेन (म.प्र.)

ईमेल :- eepwdraisen@mp.nic.in  दूरभाष/फैक्स क्रमांक :- 07482,222051

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्र. 15/व.ले.लि./रायसेन/2023-24/  रायसेन, दिनांक 28.08.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenderes.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनुमानित राशि (रु.लाख में) | रिमार्क। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB_303488_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण कार्य। | भोपाल विदिशा मार्ग से अमोदा मार्ग पर कि.मी. 5 से 7 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी. | चतुर्थ | 38.52 | 8 |
| 2 | 2023_PWDRB_303501_1 | रायसेन | बी.टी. नवीनीकरण | कैंप नं. 04 से राजलवाड़ी मार्ग पर बी.टी. नवीकरण कार्य लंबाई 3.20 कि.मी. | पांचवीं | 24.71 | -- |
| 3 | 2023_PWDRB_303508_1 | रायसेन | निर्माण एवं मरम्मत कार्य | औबेदुल्लागंज उपसंभाग अंतर्गत औबेदुल्लागंज एवं गौहरगंज सेक्सन में वीवीआईपी कार्यक्रमों हेतु वार्षिक निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | द्वितीय | 21.00 | -- |
| | | | | योग | | 84.23 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 18/09/2023, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**G19397/23**

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन

# 'विलियम्सन का चयन इस बात की गारंटी नहीं है कि वह पहला मैच खेलेंगे ही'

**रिहेब, एजेंसी**

न्यूजीलैंड टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन वर्ल्ड कप में खेलेंगे। उन्हें न्यूजीलैंड की 15 सदस्यीय वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया जाएगा, ये जानकारी न्यूजीलैंड टीम ने दी है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, केन ने अपने रिहैबिलिटेशन के लिए बहुत समर्पण किया है और उन्होंने क्रिकेट खेलने की कोशिश नहीं छोड़ी। हम उन्हें चुनने के बाद काफी खुश है। इसके अलावा एक अच्छी बात कि वह जल्दी या जबरदस्ती वापसी नहीं करना चाहते हैं। वह लंबे समय तक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। स्टीड ने कहा, हालांकि विलियमसन का चयन इस बात की गारंटी नहीं देता है कि वह पहले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन वो तेजी से रिकवरी रहे हैं। न्यूजीलैंड की टीम 2019 के वर्ल्ड कप में फाइनल तक पहुंची थी। विलियमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। उन्होंने 9 पारियों में 578 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक भी लगाया था।

### अप्रैल में कराई थी सर्जरी

आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। आईपीएल के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे। 31 मार्च को खेले गए गुजरात और चेन्नई के मुकाबले में बाउंड्री बचाने के प्रयास में विलियमसन इंजर्ड हो गए थे। विलियमसन तब से कोई मैच नहीं खेले हैं। भारत में खेले जाने वाले वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा 11 सितंबर को होगी। ऑकलैंड में एक कार्यक्रम में रखा जाएगा, जिसमें टीम की घोषणा की जाएगी। वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड अपने अभियान का शुरुआत 5 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।




### 11 सितंबर को होगी न्यूजीलैंड टीम की घोषणा

भारत में खेले जाने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा 11 सितंबर को होगी। 11 सितंबर को ऑकलैंड में एक कार्यक्रम में रखा जाएगा, जिसमें टीम की घोषणा की जाएगी। वनडे वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड अपने अभियान का शुरुआत 5 अक्टूबर को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

### एशिया कप: आज से शुरू होंगे कोलंबो सुपर-4 स्टेज के मुकाबले

# टॉप विकेट टेकर में 3 पाकिस्तानी प्लेयर, भारत का एक भी नहीं

**कोलंबो, एजेंसी।** आज कोलंबो सुपर-4 स्टेज के मुकाबले शुरू होंगे। एशिया कप में ग्रुप स्टेज के 6 और सुपर-4 स्टेज का एक मुकाबला खेला जा चुका है। अब सभी 6 मैच कोलंबो में होंगे। इधर, टॉप विकेट टेकर में 3 पाकिस्तानी गेंदबाजों का दबदबा है, वहीं टॉप बैटर्स में पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे नंबर पर हैं। दोनों ही जगह कोई भी भारतीय प्लेयर टॉप-5 में भी जगह नहीं बना सका।



### पाकिस्तानी गेंदबाज टॉप-5 बॉलर में

टूर्नामेंट के विकेट टेकर गेंदबाजों की रेस में पाकिस्तानी पेसर्स का दबदबा है। हारिस रुफ ने 3 मैचों में सबसे ज्यादा 9 विकेट लिए हैं। नसीम शाह व शाहीन शाह अफरीदी ने इतने ही मुकाबलों में 7-7 विकेट लिए हैं। चौथे व पांचवें नंबर पर बांग्लादेश के गेंदबाज राइट आर्म पेसर तस्कीन अहमद ने 3 मैच में 6 विकेट लिए हैं। वहीं लेफ्ट आर्म पेसर शोरिफुल इस्लाम के नाम इतने ही मैचों में 5 विकेट हैं।

### हार्दिक व जडेजा भारत से टॉप विकेट टेकर

भारत के टॉप रन स्कोरर हार्दिक पंड्या हैं। उनके नाम 2 मैचों में 87 की औसत से 87 रन हैं। उनके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने 2 मैचों में 85 की औसत से 85 रन हैं। गेंदबाजों में भारत से रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए हैं। भारतीय गेंदबाजों के विकेट बाकी बॉलर्स के मुकाबले कम इसलिए हैं, क्योंकि टीम ने अब तक सिर्फ नेपाल के खिलाफ पूरे 50 ओवर बॉलिंग की है। पाकिस्तान के खिलाफ बारिश आ जाने के कारण गेंदबाजों को बॉलिंग करने का मौका नहीं मिला था।

### कोई भी बॉलर पारी में 5 विकेट नहीं ले सका

टूर्नामेंट में अब तक 7 बार गेंदबाजों ने एक पारी में 4 विकेट लिए हैं, लेकिन कोई भी बॉलर 5 विकेट नहीं ले सका। हारिस रऊफ के नाम फिलहाल बेस्ट बॉलिंग करने का रिकॉर्ड है, उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ महज 19 रन देकर 4 विकेट लिए थे। उनके बाद पाकिस्तान के ही लेग स्पिनर शादाब खान ने नेपाल के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

**17** सितंबर को फाइनल मुकाबला भी कोलंबो में ही खेला जाएगा। सुपर-4 स्टेज में अब तक एक ही मैच खेला गया। जिसमें पाकिस्तान को जीत मिली, इसलिए टीम पॉइंट्स टेबल में 2 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। बांग्लादेश टीम पॉइंट्स टेबल में आखिरी नंबर पर है। भारत और श्रीलंका ने अब तक कोई मुकाबला नहीं खेला, इसलिए दोनों टीमें दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

### सुपर-4 के 5 मैच बाकी

इस एशिया कप में अब तक 7 मैच खेले जा चुके हैं। ग्रुप स्टेज में नेपाल और अफगानिस्तान बाहर हुई, जबकि 4 टीमों ने सुपर-4 स्टेज के लिए क्वालिफाई किया। सुपर-4 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच एक मैच हुआ। इसे पाकिस्तान ने जीता। इस स्टेज में 5 मैच बाकी हैं, सभी श्रीलंका के कोलंबो में खेले जाएंगे।

### टॉप-5 बैटर में 2 बांग्लादेशी

बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शान्तो ने टूर्नामेंट में अब तक 2 ही मैच खेले, लेकिन वह टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 2 पारियों में 193 रन बनाए हैं। इनमें एक सेंचुरी और एक फिफ्टी शामिल हैं। शान्तो फिलहाल इंजर्ड हो कर एशिया कप से बाहर हो चुके हैं। उनके बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 3 मैच में 168 रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर बांग्लादेश के ही मेहदी हसन मिराज हैं, जिन्होंने 117 रन बनाए हैं। टीम इंडिया का कोई प्लेयर्स टॉप-5 खिलाड़ियों की रेस में भी नहीं है।

### 7 मैचों में 4 ही प्लेयर शतक लगा सके

नेपाल और पाकिस्तान के बीच ओपनिंग मैच में 2 शतक लगे थे। बाबर आजम ने 151 और इफ्तिखार अहमद ने 109 रन बनाए थे। बाबर के नाम इस बार का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर भी है। टूर्नामेंट में इसके अलावा 2 ही शतक लगे, दोनों बांग्लादेशी प्लेयर्स ने अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में लगाए। मेहदी हसन 112 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे, ये स्कोर टूर्नामेंट का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। शान्तो ने 104 रन बनाए थे। इन 4 प्लेयर्स के अलावा टूर्नामेंट में और कोई खिलाड़ी सेंचुरी नहीं बना सका।



### परिवार के साथ अमेरिका में बिता रहे हैं छुट्टी

# धोनी अब गोल्फ मैदान पर पहुंचे, खेला मैच

**न्यूयार्क, एजेंसी**

महेंद्र सिंह धोनी छुट्टी मनाने के लिए परिवार के साथ अमेरिका में हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उनके लिए गोल्फ मैच की मेजबानी की। दोनों करीब एक घंटे मैच खेलते रहे। धोनी-ट्रम्प के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। धोनी अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अक्सर गोल्फ खेलते नजर आते हैं।

धोनी अल्कारेज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच यूएस ओपन में खेले क्वार्टर फाइनल का मुकाबला भी देखने पहुंचे थे। इसका भी वीडियो और फोटो भी वायरल हुआ। धोनी अपने कुछ दोस्तों के साथ अल्कारेज के पीछे बैठे नजर आए थे। ऑफिशियल ब्रॉडकॉस्टर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर धोनी का वीडियो भी शेयर किया। वीडियो में धोनी कुछ लोगों से बात करते-करते हंसते नजर आए। कुछ दिन पहले धोनी की महिला फैन के साथ फोटो वायरल हुई थी। वहीं धोनी पुरुष फैंस के साथ नजर आए थे। धोनी सीएसके को कप्तानी में सीएसके के 5 खिताब दिला चुके हैं। उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स 2023 सीजन जीता। यह सीएसके में 5वां खिताब था। धोनी ने साल 2020 में 15 अगस्त को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।



ट्रंप के साथ खेला मैच।



**मेट्रो बाजार**

# रिलायंस अब भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करेंगी

**मुंबई, एजेंसी**

भारत में एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल ही में एनवीडिया के साथ पार्टनरशिप की है। एक जॉइंट स्टेटमेंट में एनवीडिया और आईआरएल ने कहा कि इस पार्टनरशिप का उद्देश्य भारत का अपना खुद का एक बुनियादी लार्ज लैंग्वेज मॉडल डेवलप करना है, जो देश की कई भाषाओं में प्रशिक्षित और जेनरेटिव एआई एप्लिकेशन के लिए तैयार हो। इस करार के तहत रिलायंस के जेनरेटिव ऐप्स और लैंग्वेज मॉडल के लिए एनवीडिया चिप और क्लाउड सर्विसेज अवेलेबल करवाएगी। इनका एग्जीक्यूशन और इंप्लीमेंटेशन जियो के द्वारा मैनेज किया जाएगा। इंफोकॉम में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का यूज किया जाएगा आरआईएल की टेलीकॉम कंपनी जियो इंफोकॉम में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का यूज किया जाएगा। एनवीडिया की चेट जीपीटी जैसी सर्विसेज में इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटिंग सिस्टम में मजबूत उपस्थिति है। एनवीडिया ने एक स्टेटमेंट में कहा, रिलायंस के साथ करार से भारत की विविध भाषाओं पर प्रशिक्षित, भारत के अपने बड़े लैंग्वेज मॉडल की बुनियाद बनेगी और दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के उपयोग के लिए जेनरेटिव एआई एप्लीकेशंस को डेवलप करने में मदद मिलेगी।




# एडवांस्ड सेफ्टी फीचर के साथ हुंडई आई-20 लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हुंडई मोटर इंडिया ने अपनी प्रीमियम हेचबैक कार आई 20 का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने कार में कुछ कॉस्मेटिक अपडेट किए हैं। इसके अलावा कार अब 6 एयरबैग स्टैंडर्ड और एडास जैसे एडवांस्ड सेफ्टी फीचर के साथ आती है। सेगमेंट में इसका मुकाबला टाटा अल्ट्रोज, मारुति बलेनो और टोयोटा ग्लांजा से है। कार में नया बेस वैरिएंट एरा जोड़ा गया है और टर्बो पेट्रोल इंजन का ऑप्शन अब इससे हटा दिया गया है। इससे आई 20 की शुरुआती कीमत और टॉप वैरिएंट की कीमत कम हो गई है। कार की एक्स-शोरूम कीमत 6.99 लाख से 11.01 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) के बीच रखी है। डिजाइन की बात करें तो, प्रीमियम हैचबैक के फ्रंट में न्यू पैरामीट्रिक ग्रिल और इंटीग्रेटेड के साथ हेडलैंप्स सेटअप दिया गया है।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# साउथ के सुपर स्टार कमल हासन 233वीं फिल्म की कर रहे तैयारी

साउथ के सुपर स्टार कमल हासन अपनी 233वीं फिल्म की तैयारी कर रहे हैं, जिसका नाम केएस 233 है। इसी बीच फिल्म के निर्माताओं ने एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म के लिए असली गन से ट्रेनिंग लेते हुए दिखाई दिए। वीडियो में 68 साल के कमल मशीन गन और शॉटगन जैसी कई तरह की बंदूक चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वीडियो में उनका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कमल हासन को बंदूकों से काफी लगाव है। वह अपने घर में अलग-अलग बंदूक रखना पसंद करते हैं। एक इंटरव्यू में कमल ने एक बार कहा था कि उन्हें बचपन से ही बंदूकों का शौक था। एच विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। फिल्म में विजय सेतुपति और योगी बाबू भी लीड रोल में होंगे। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने अभी तक फिल्म के एक्टर्स और क्रू की अनाउंसमेंट नहीं की है।



### हासन के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

कमल की हालिया रिलीज फिल्म 'विक्रम' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब एक्टर शंकर निर्देशित फिल्म 'इंडियन 2' में भी नजर आएंगे। 'इंडियन 2' 1996 में रिलीज हुई कमल की ही फिल्म 'हिंदुस्तानी' (इंडियन) की सीक्वल है। कमल ने हाल ही में प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म 'कल्कि 2898 ए़डी' की भी कास्ट जॉइन की है। रिपोर्ट्स की माने तो एक्टर इस फिल्म में विलेन का रोल प्ले करेंगे।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस नौशीन ने कंगना को कट्टर, चरमपंथी कहा

पाकिस्तानी एक्ट्रेस नौशीन शाह ने हाल ही में कंगना रनोट के बारे में बात की। उन्होंने कंगना को कट्टर और चरमपंथी कहा। पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने बताया कि वो आज तक किसी भी भारतीय एक्टर से नहीं मिलीं हैं, लेकिन वह कंगना से एक बार जरूर मिलना चाहती है और उन्हें दो थप्पड़ भी मारना चाहती हैं। हालांकि, इंटरव्यू वीडियो में थप्पड़ शब्द को म्यूट कर दिया गया है, लेकिन नौशीन का इशारा साफ समझ आ रहा है। दरअसल, नौशीन हाल ही में पाकिस्तानी यूट्यूब चैट शो 'हद कर दी विद मोमिन साकिब' में बतौर गेस्ट पहुंचीं थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय और पाकिस्तानी एक्टर्स को एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए।



### एक्टिंग-डायरेक्शन पर ध्यान देना चाहिए

कंगना के बारे में बात करते हुए नौशीन ने कहा- जिस तरह से वह मेरे देश के बारे में बकवास कहती हैं, जिस तरह से वह पाकिस्तानी सेना के बारे में कहती हैं, मैं उनके साहस को सलाम करती हूं। शायद वह भूल जाती हैं कि वह किसी दूसरे देश के बारे में बात कर रही हैं। उन्हें अपने देश पर ध्यान देना चाहिए। अपनी एक्टिंग और अपने डायरेक्शन पर ध्यान देना चाहिए, उन्हें अपने विवादों और एक्स बॉयफ्रेंड्स पर फोकस करना चाहिए। नौशीन ने कहा कि वह जानना चाहेंगी कि एक्ट्रेस को पाकिस्तानी सेना और उनकी खुफिया एजेंसियों के बारे में इतनी जानकारी कैसे मिलती है।

# अनुष्का बोली- मुझे ब्रेक लेने की बहुत ज्यादा जरूरत थी

विएक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी को उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में देवसेना के किरदार के लिए जाना जाता है। अनुष्का ने इस किरदार के जरिए हिंदी बेल्ट की ऑडियंस में अपनी खास पहचान बनाई थी। हालांकि, इसके बावजूद 'बाहुबली' के बाद अनुष्का ने किसी भी पैन इंडिया फिल्म में काम नहीं किया है। अब हाल ही में अनुष्का ने अपने इस फैसले के पीछे की वजह बताई है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कुछ समय के लिए काम से ब्रेक लेना चाहती थीं। अनुष्का ने एक इंटरव्यू में कहा- 'एक बार जब मैंने बाहुबली पूरी कर ली, तो उसके बाद मेरा ध्यान भागमथी पर था। इसके बाद मैं कुछ समय के लिए रेस्ट लेना चाहती थी। यह फैसला मैंने खुद लिया था। उस समय मुझे ब्रेक लेने की बहुत ज्यादा जरूरत थी।' अनुष्का ने आगे कहा- 'मैंने ये फैसला इसलिए लिया, ताकि मैं अपने फ्यूचर प्रोजेक्ट्स पर अच्छी तरह ध्यान दे सकूं। सच कहूं तो मैं वाकई कुछ समय के लिए आराम करना चाहती थी।'



### बेहतरीन प्रोजेक्ट पर जरुर काम करूंगी

पैन इंडिया और बॉलीवुड फिल्मों के बारे में बात करते हुए अनुष्का ने कहा- 'अगर कोई बेहतरीन प्रोजेक्ट आएगा, तो मैं उसे जरूर करूंगी। चाहे फिर वह कोई भी भाषा हो।' दरअसल अनुष्का 3 साल बाद तेलुगु फिल्म 'मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी' से कमबैक कर रही हैं। बाहुबली- द कन्क्लूजन के बाद जहां प्रभास बॉलीवुड और पैन इंडिया फिल्मों में नजर आ चुके हैं, वहीं अनुष्का ने तेलुगु फिल्म 'भागमथी' 'निशब्दम' में काम किया। जब अनुष्का से प्रभास के साथ दोबारा काम करने को लेकर सवाल किया गया, तो इसपर उन्होंने कहा कि अगर मेकर्स उन्हें कोई मजबूत कहानी और क्रिएटिव विजन के साथ बनी स्क्रिप्ट ऑफर करते हैं, तो वह साथ में जरूर काम करना चाहेंगीं। अनुष्का से उनकी शादी को लेकर सवाल किया इस पर उन्होंने कहा- जब सही समय होगा, तो वह शादी कर लेंगी।

# स्कूटी सवार महिला पर अज्ञात बदमाश ने किया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित डीमार्ट नहर के पास अज्ञात बदमाश ने स्कूटी सवार महिला पर हमला कर दिया। महिला ने शेर मचाया तो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की तरफ भाग निकला। हमले में महिला के गाल पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मनीषा पाटिल (29) गौरव नगर में रहती हैं और गृहणी हैं। उनके पति दीपक पाटिल वन भवन में नौकरी करते हैं। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे मनीषा अपनी स्कूटर से पति दीपक को लेने के लिए डीमार्ट जा रही थी। नहर के पास रास्ते में गड्ढा मिला तो उन्होंने अपनी स्कूटर की रफ्तार धीमी कर ली। इसी बीच किसी ने उन्हें कोई चीज मारी, जिससे उनकी स्कूटर अनियंत्रित हो गई



और वह सड़क पर गिरी पड़ी। तभी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मुंह और गला दबाने की कोशिश की। मनीषा ने विरोध करते हुए उसके हाथ पर दांत से काट लिया तो पकड़ ढीली पड़ गई। इस दौरान वहां से दो मोटर सायकिलों पर कुछ लोग पहुंचे तो वह व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाते हुए खेतों की तरफ भाग निकला। मनीषा ने बताया कि हमला करने वाला व्यक्ति नशे की हालत में लग रहा था। जब उन्होंने थाने जाकर शिकायत की तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाए एनसीआर काटकर उसे थाने से चलता कर दिया। कुछ देर बाद मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा और आलाधिकारियों ने थाना प्रभारी को फटकार लगाई। इसके बाद मनीषा की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चाकूबाजी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### ओवरटेक करने पर हुआ विवाद, आरोपियों की तलाश

# मैजिक ने मारी कार में टक्कर, चालक ने की मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



फाइल फोटो

बागसेवनिया थाना क्षेत्र माउंट कार्मल स्कूल के पास मैजिक वाहन के चालक ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने की बात पर हुए विवाद में आरोपी चालक और उसके साथी ने कार सवार युवकों के साथ मारपीट भी की है।

पुलिस के अनुसार संकल्प खरे (30) शाहपुरा के रहने वाले हैं। फिलहाल वह देहात जिला विदिशा में रहते हैं और एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय विदिशा में नौकरी करते हैं। गुरुवार रात वह अपने सीनियर साथी के साथ उनकी कार से भोपाल आकर शंकराचार्य होम्स बागसेवनिया जा रहे थे। सर्वोदय नगर मार्केट स्थित माउंट कार्मल स्कूल के पास उन्होंने एक मैजिक वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया तो चालक ने अपनी गाड़ी रोक दी, जिससे हल्का कट लग गया। उसके बाद मैजिक चालक ने सकंल्प की कार में जानबूझकर दो-तीन बार पीछे से टक्कर मार दी। जब वह कार से बाहर निकले तो चालक ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। इसी बीच मैजिक में बैठा एक युवक डंडा लेकर बाहर निकला और उनके साथ डंडे से मारपीट की। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया तो मैजिक वाले दोनों युवक धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### महिला की कार को सामने से आई कार ने मारी टक्कर

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में एक महिला की कार को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी, जिससे कार का काफी नुकसान हुआ है। पुलिस के मुताबिक सबिता भाटिया (47) प्राईड एक्सटेंशन शाहपुरा में रहती हैं और गृहणी हैं। गुरुवार रात करीब 9 बजे वह अपनी कार से आसिमा माल जाने के लिए निकली थी। बावड़िया कला ब्रिज पर पहुंचने पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी, जिससे सामने का बंफर, लाईट्स आदि क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि टक्कर में महिला को चोट नहीं आई है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी दो दोस्तों पर पत्थर से हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में घर के सामने खड़े युवक से चार बदमाशों ने शराब के लिए अड़ीबाजी कर दी। अड़ीबाजी कर रहे बदमाशों को रुपए नहीं मिले तो आरोपियों ने युवक और उसके साथी से मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अड़ीबाजी मारपीट समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पंचशील नगर निवासी दीपांशु सेन (24) सैलून का संचालन करता हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने घर के सामने खड़ा था, तभी शुभम, चीकू, आकाश और रितिक पहुंचे। चारों ने शराब पीने के लिए दीपांशु से पांच सौ रुपए मांगे। दीपांशु ने उन्हें रुपए देने से इंकार कर दिया। इस पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर दिया। पास खड़े दीपांशु के दोस्त मुन्ना ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर छुरी से हमला किया है। आरोपियों ने धमकी दी थी कि रिपोर्ट कराई तो ठीक नहीं होगा।

## मॉर्निंग वाक पर निकले बुजुर्ग को स्कूटी सवार युवती ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में मॉर्निंग वॉक पर निकले 83 साल के बुजुर्ग को स्कूटी सवार युवती ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद बुजुर्ग को निजी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराय गया था। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना गत 31 अगस्त की सुबह की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाली युवती की तलाश शुरू कर दी है।




एएसआई विजय कल्चुरी ने बताया कि हरिप्रसाद सक्सेना (83) पंचशील नगर, टीटी नगर में रहते थे। वे प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकलते?थे। गत 31 अगस्त की सुबह भी वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान घर से कुछ दूरी पर उन्हें एक स्कूटी सवार युवती ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद युवती वहां से भाग निकले। इधर गंभीर रूप से घायल सक्सेना को परिजन हबीबगंज स्थित निजी ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे?थे, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई।

### तीन साल के बच्चे को टक्कर मारने वाले कार चालक पर केस दर्ज



फाइल फोटो

**भोपाल।** बागसेवनिया इलाके में एक्सीडेंट में हुई तीन साल के बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अर्जुन पुत्र संतोष बाल्मीकि (3) शनिदेव मंदिर के पास गली, अमराई बागसेवनिया में रहता था। बीती 5 सितंबर की शाम को वह घर के पास खेल रहा था, तभी एक युवक ने अपनी कार रिवर्स की तो अर्जुन कार की चपेट में आकर बेहोश हो गया। कार चालक उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पुलिस इस मामले में कार चालक सुजीत कुमार उर्फ सोनू कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**हालत बेहाल**



**भोपाल।** होशंगाबाद रोड बीआरटीएस के साइकिल ट्रैक की हालत बेहद खस्ता हो गई है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर पुलिस ने बगैर बताए लापता हुई एक नाबालिग को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग ल?की कोचिंग से वापस नहीं लौटी है। पुलिस ने इस मामले में तत्काल एक टीम बनाकर घटनास्तल के आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरे, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर तलाश की गई और परिचितों से पूछताछ की। उसके बाद नाबालिग को बरामद कर लिया गया। नाबालिग ने अपने बयानों में बताया कि रंजीत तिवारी नामक युवक उसे बहला फुसलवाकर ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने आरोपी रंजीत को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बावड़िया कला में बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।



एएसआई एसएन साहू ने बताया कि अभिषेक सिहोते पिता सुरेश सिहोते (18) बावड़िया गांव में रहता था और फेब्रिकेशन वर्क करता था। परिवार में उसके माता पिता एक बहन और बड़ा भाई अनिकेत हैं। अनिकेत ने पुलिस को बताया कि जन्माष्टमी में पर मां और बहन गोविंदपुरा इलाके में रहने वाले मामा के घर राखी बांधने गई थी। पिता ड्राइवरी करते हैं और वह भी बाहए गए हुए हैं। शुक्रवार सुबह अभिषेक काम पर गया था। दोपहर करीब दो बजे के आसपास अनिकेत भी अपने काम पर चला गया। रात करीब बारह बजे अनिकेत काम से लौटा तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो अनिकेत ने खिड़की से झांककर देखा था। इस दौरान अभिषेक फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है।

# सैकड़ों स्कूली बच्चों का करियर दांव पर, नकल का शक

**भोपाल।** कॉलेजों के समय पर रिजल्ट न आने से जहां शिक्षा सत्र प्रभावित होते हैं वहीं छात्रों का भविष्य भी दांव पर लग रहा है। इसी तरह का हाल राज्य ओपन बोर्ड में भी है। रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत बोर्ड द्वारा परीक्षा ली गई लेकिन नकल की आशंका के चलते 12वीं का सैंकड़ों बच्चों का रिजल्ट रोक दिया गया। दूसरी तरफ बच्चों को यह भी नहीं पता है कि उनका रिजल्ट किस कारण रोका गया है। छात्र लगातार परेशान हो रहे हैं।



बच्चों का कहना है कि हमें न तो स्कूल वाले बता रहे हैं कि रिजल्ट कब आएगा और ना ही हमें बोर्ड से कोई जानकारी मिल पा रही है। बता दे कि यह दो सेंटर भिंड एवं मुरैना के हैं इसमें एक रविंद्र नाथ टैगोर और दूसरा कॉटजी नंबर 1 स्कूल है। इन छात्रों ने जून के शुरूआती महीने में ओपन बोर्ड से एग्जाम दिया था। इस बारे में बात करते हुए एक छात्र ने बताया कि हमें तो यह भी नहीं बताया जा रहा है कि हमारा रिजल्ट खोलकर देखने में रिकॉर्ड नॉट फाउंड क्यों लिखा आ रहा है। वहीं राज्य ओपन बोर्ड का कोई हेल्प लाइन नंबर नहीं होने की वजह से भी छात्र परेशान हो रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिछाया जाल

# गुनगा पुलिस ने बाइक सवार से जब्त किया साढ़े सात किलो गांजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा पुलिस ने गांव खेरी जोड़ पर शुक्रवार सुबह एक बाइक सवार को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 किलो 626 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस गांजा तस्कर पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। एएसआई आरसी मीना ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक गांव डोबरा की तरफ से गांजा लेकर गांव खेरी जोड़ से निकलने वाला है। उसे गांजे की सप्लाई किसी अन्य व्यक्ति को देनी है। सूचना पर थाना प्रभारी अरुण शर्मा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम का नेतृत्व कर रहे आरसी मीणा ने बताया कि पुलिस पहले से ही घात लगाकर बैठी



थी। इसी बीच सेमरी जो? पर एक संदेही बाइक पर नजर आया। उसकी बाइक रोककर उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम कृष्ण पाल बैरागी पिता बद्री प्रसाद बैरागी (23) नटेरन जिला विदिशा के रूप में की गई। तलाशी लेने पर उसके पास से 7 किलो 626 ग्राम गांजा मिला। उक्त गांजा के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि गांव डोबरा पर उसे उक्त गांजा बाइक सवार दो युवक ने दिया था और उसे उक्त गांजा आगे किसी को देना था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस ने आरोपी से गांजा देने वाले आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है और यह भी पूछ रही है कि उसे गांजा किसे देना था।

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ
व्हाट्सएप नं. 7869267010
कॉलिंग नंबर 7415497010
shrutirawat16@gmail.com



परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022